Weather Report
अधिकतम तापमानः 32.0c
न्यूनतम तापमानः 21.0c
हवा गतिः 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबहः 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्षः 11 अंकः 99 | जयपुर, शनिवार, 14 सितम्बर 2024 | पृष्ठः8 मूल्यः '1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से बाहर, कहा-सच्चा था इसलिए भगवान ने साथ दिया

## सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में जमानत दी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार (13 सितंबर) शाम करीब 6.15 बजे तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। वे 177 दिन बाद जेल से निकले। इससे पहले आज सुबह सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में केजरीवाल को जमानत दी थी। अदालत ने जमानत के लिए वही शर्तें लगाई हैं, जो ईडी केस में बेल देते वक्त लगाई गई थीं। मैं सही था, इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। जेल से बाहर आकर मेरी ताकत 100 गुना बढ़ गई है। केजरीवाल के खिलाफ 2 जांच एजेंसी ने केस दर्ज किया है। ईडी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। आप ने इस फैसले को सत्य की जीत बताया है। शराब नीति केस में एन्फोर्समेंट डायरेक्ट्रेट ने उन्हें 21 मार्च को अरेस्ट किया था। बाद में 26 जून को सीबीआई ने उन्हें जेल से हिरासत में लिया था। दो जजों की बेंच जमानत पर एकमत, लेकिन गिरफ्तारी पर अलग राय जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने एउक्रकी गिरफ्तारी को नियमों के तहत बताया। ईडी मामले में जमानत मिलने के बावजूद केजरीवाल को जेल में रखना न्याय का मजाक उड़ाना होगा। गिरफ्तारी की ताकत का इस्तेमाल बहुत सोच समझकर किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति पहले से हिरासत में है।



### जस्टिस उज्जवल भुइयां ने कहा

सीबीआई की गिरफ्तारी जवाब से ज्यादा सवाल खड़े करती है। जैसे ही ईडी केस में उन्हें जमानत मिलती है। सीबीआई एक्टिव हो जाती है। ऐसे में अरेस्टिंग के समय पर सवाल खड़े होते हैं। सीबीआई को निष्पक्ष दिखना चाहिए और हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए ताकि गिरफ्तारी में मनमानी न हो। जांच एजेंसी को पिंजरे में बंद तोते की धारणा को दूर करना चाहिए। शराब नीति केस- केजरीवाल 156 दिन जेल में बिता चुके केजरीवाल को क्कने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 10 दिन की पूछताछ के बाद 1 अप्रैल को तिहाड़ जेल भेजा गया। 10 मई को 21 दिन के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए रिहा किया गया। ये रिहाई 51 दिन जेल में रहने के बाद मिली थी। 2 जून को केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में सरेंडर कर दिया। आज यानी 13 सितंबर को केजरीवाल की रिहाई हो जाती है तो उन्हें जेल गए कुल 177 दिन हो जाएंगे। इनमें से वे 21 दिन अंतरिम जमानत पर रहे। यानी केजरीवाल ने अब तक कुल 156 दिन जेल में बिताए हैं।

### केजरीवाल बोले- जेल से बाहर आकर ताकत 100 गुना बढ़ी

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है। मेरा जीवन देश के लिए समर्पित है। इन लोगों को लगा कि मुझे जेल में डालकर मेरा हौसला तोड़ देंगे। आज मैं जेल से बाहर आ गया हूं और मेरे हौसले 100 गुना ज्यादा बढ़ गए हैं। मैं सच्चा था, मैं सही था इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। ऊपर वाले ने मुझे रास्ता दिखाया, ऐसे ही भगवान रास्ता दिखाता रहे। ये राष्ट्रविरोधी ताकतें देश को जो अंदर से कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं मैं इनके खिलाफ ऐसे ही लड़ूं। अरविंद केजरीवाल के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं समेत मनीष सिसोदिया तिहाड़ के बाहर पहुंचे। दिल्ली में जगह-जगह केजरीवाल के पोस्टर लगाए गए हैं। जांच के सिलसिले में उसे दोबारा अरेस्ट करना गलत नहीं है। सीबीआई ने बताया है कि उनकी जांच क्यों जरूरी थी। याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं है। सीबीआई ने नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। उन्हें जांच की जरूरत थी। इसलिए इस केस में अरेस्टिंग हुई। आप नेता आतिशी ने कहा, पिछले दो सालों में तमाम कोशिशों के बावजूद ईडी और सीबीआई इस कथित घोटाले में एक पैसा भी बरामद नहीं कर सकी। कोई सबूत नहीं थे फिर भी आप के सभी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। कल तक जो बात केवल आप कह रही थी, वही बात अब सुप्रीम कोर्ट ने कह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से कहा कि वह निष्पक्ष और तटस्थ रहे।

### रीट पेपर लीक के आरोपी पाराशर-मीणा की प्रॉपर्टी कुर्क

## ईडी ने जब्त की 26 लाख की प्रॉपर्टी-कैश, पेपर पढ़ाने वालों के खातों में मिले 14 लाख

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान में करीब तीन साल पहले (26 सितंबर 2021) हुए रीट पेपर लीक मामले में ईडी ने बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने रीट पेपर लीक केस के मुख्य आरोपी प्रदीप पाराशर और रामकृपाल मीणा के प्रॉपर्टी को कुर्क किया है। इन दोनों के पास रामकृपाल मीणा और प्रदीप पाराशर के पास कुल करीब 26.59 लाख रुपए चल-अचल संपत्ति मिली है। ईडी ने आरोपियों के बैंक अकाउंट से मिले करीब 11 लाख रुपए भी जब्त किए हैं। करीब 2 महीने पहले ईडी ने प्रदीप पाराशर को गिरफ्तार किया था।

इन दोनों के साथ जिन तीन लोगों ने अभ्यर्थियों को लीक पेपर पढ़वाया था, उनके भी खातों से कैश जब्त किया गया है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने एक्शन लिया है। रीट पेपर लीक प्रकरण में पकड़े गए मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा और प्रदीप पाराशर के पास कुल करीब 26.59 लाख रुपए चल-अचल संपत्ति मिली है। क्क की ओर से संपत्ति कुर्क का आदेश 28 अगस्त को जारी किया गया है। इसकी जानकारी एसओजी ने शुक्रवार को दी। रीट पेपर लीक के मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा और प्रदीप पाराशर के चार बैंक



अकाउंट मिले है। चारों बैंक अकाउंट में कुल 10 लाख 89 हजार 259 रुपए जमा मिले। इसके अलावा ईडी ने लीक पेपर पढ़ाने वाले आरोपी रवि कुमार मीणा के खाते से 8.12 लाख, पृथ्वीराज के खाते से 4.10 लाख और रामकृपाल मीणा के खाते से 1.80 लाख रुपए जब्त किए हैं। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया- रीट पेपर लीक मामले में साल-2021 में गंगापुर सिटी थाने में प्रकरण दर्ज हुआ था। प्रकरण की जांच एसओजी की ओर से की जा रही है। एसओजी की ओर से कार्रवाई कर रीट पेपर लीक मामले में अब तक मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा और प्रदीप पाराशर सहित 131 आरोपियों को अरेस्ट किया जा चुका है। रीट की ओर से संगठित गैंग के लोगों के खिलाफ चौतरफा एक्शन लगातार जारी है।

### अयोध्या राम मंदिर का शिखर 120 दिन में तैयार होगा

## अगले 6 महीने में बन जाएगा राम मंदिर, जयपुर में तैयार हुईं सप्त मंदिर की मूर्तियां

■ संजीवनी टुडे

अयोध्या। अयोध्या का 3 मंजिला राम मंदिर फरवरी, 2025 तक पूरा बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर का शिखर निर्माण सबसे ज्यादा चैलेंजिंग है। इसका काम अक्टूबर में शुरू होगा और 120 दिन में पूरा होगा। शिखर तैयार करने की डेट लाइन दिसंबर 2024 थी, लेकिन अब इसमें दो महीने का समय अधिक लगेगा। परिसर में बन रहे सप्त मंदिर की मूर्तियां जयपुर में तैयार की जा रही हैं। वहीं, ऋषि मुनियों की मूर्तियां दिसंबर, 2024 तक लग जाएंगी। अयोध्या में भवन निर्माण समिति की बैठक हुई। राम मंदिर समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा - फर्स्ट फ्लोर की फर्श और वायरिंग का काम आखिरी पड़ाव पर है। सेकेंड फ्लोर की छत की ढलाई शुरू होगी। उन्होंने कहा- सिर्फ मंदिर भवन पर फसाड लाइट लगेगी। इस लाइट को परिसर में नहीं लगाया जाएगा। भक्तों की श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए रंगों का चयन किया जा रहा है। लाइटिंग के लिए समिति नवंबर, 2024 में टेंडर जारी करेगी। क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार वासुदेव कामत ने जयपुर में जाकर इन मॉडलों का परीक्षण किया, फिर मंजूरी दी है। नृपेन्द्र मिश्र ने कहा- फर्स्ट फ्लोर पर लगने वाले राम दरबार की मूर्तियों को छोड़कर सभी मूर्तियां फाइबर



और मोम से तैयार की गई हैं। उन्हीं के डिजाइन के आधार पर पत्थरों पर मूर्तियों को उकेरा गया है। अनुमान है कि नवंबर तक मूर्तियां बनकर तैयार हो जाएंगी। ये मूर्तियां कब तक स्थापित हो जाएंगी इसके जवाब में नृपेंद्र मिश्र ने कहा - यह मूर्तियां जनवरी से मार्च, 2025 के बीच स्थापित हो सकेंगी। इसकी डेटलाइन समिति में शामिल पदाधिकारी मिलकर तय करेंगे। नृपेंद्र मिश्र ने कहा - श्रीराम जन्मभूमि परिसर में स्थित नल-नील और अंगद टीले पर कोई स्थायी निर्माण नहीं किया जाएगा। इन टीलों की मिट्टी की जांच में पाया गया कि इनमें स्थिरता नहीं है। इसके कारण यहां प्लांटेशन का काम होगा और इन्हें सुंदर तरीके से निखारा जाएगा। जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद वातावरण का एहसास हो।

### नवरात्र से शुरू होगा अपोलो का कार्डियक केयर यूनिट

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डॉ. अनिल मिश्र ने कहा- नृपेंद्र मिश्रा समेत सभी सदस्यों ने पीएफसी भवन का निरीक्षण किया। इसके बेसमेंट में अपोलो अस्पताल के कार्डियक केयर यूनिट के निर्माण की जानकारी ली गई। बताया गया कि यह इमरजेंसी अस्पताल शारदीय नवरात्र के मौके पर अक्टूबर से सेवाएं देना शुरू कर देगा। फिलहाल आईसीयू का निर्माण हो गया है और उपकरणों का इंस्टालेशन चल रहा है। इस अस्पताल के लिए तीर्थ क्षेत्र की ओर से 6 हजार वर्ग फिट जगह दी गई है।

### सरकार ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम कियाः शाह बोले

## यह गुलामी के प्रतीकों से मुक्ति, बोस और सावरकर जैसों के संघर्ष का स्थान

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार आइलैंड की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया ड्ड पर इसकी जानकारी दी। शाह ने कहा- देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जनवरी 2023 को नेताजी की 126वीं बर्थ एनिवर्सरी पर अंडमान और निकोबार आइलैंड के 21 द्वीपों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने का फैसला लिया था। 28 दिसंबर 2018 में अंडमान-निकोबार के हैवलॉक द्वीप, नील द्वीप और रॉस द्वीप के नाम बदले थे। हैवलॉक द्वीप को स्वराज द्वीप, नील द्वीप को शहीद द्वीप और रॉस द्वीप को नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप नाम दिया गया। शाह ने सोशल मीडिया ड्ड पर लिखा... देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है।




### केंद्र सरकार ने नेहरू म्यूजियम का नाम बदला

केंद्र सरकार ने दिल्ली के तीन मूर्ति भवन स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम व लाइब्रेरी का नाम बदल दिया। इसका नया नाम प्राइम मिनिस्टर्स म्यूजियम एंड लाइब्रेरी सोसाइटी कर दिया है। केंद्र सरकार ने नाम बदलने का ऐलान 16 जून 2023 को किया था। 15 अगस्त 2023 से अब इसे लागू कर दिया गया। जून में यह फैसला सोसाइटी के उपाध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की एक बैठक के बाद लिया गया था। 'श्री विजयपुरम' नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। यह द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेलुलर जेल में वीर सावरकर व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा माँ भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है। साल 2018 में पीएम मोदी ने पोर्ट ब्लेयर का दौरा किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारतीय धरती पर तिरंगा फहराने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पोर्ट ब्लेयर के मरीना पार्क में एक जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से मोबाइल की फ्लैश लाइट चालू करने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि मोबाइल की फ्लैश लाइट चालू कीजिए और नेताजी को सम्मान दीजिए। 'इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां मौजूद लोगों से सुभाष बाबू जिंदाबाद के नारे लगवाए।

## पीएम मोदी की कल हरियाणा रैली, ग्राउंड में कीचड़ भरा

■ संजीवनी टुडे

### भाजपा ने मां के खिलाफ बेटा, विनेश के खिलाफ चचेरी बहन को स्टार प्रचारक बनाया

रेवाड़ी। हरियाणा चुनाव के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की पहली रैली से पहले ग्राउंड में कीचड़ भर गया। पीएम को कल कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में आना है। हालांकि यहां गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह बारिश से इतना कीचड़ हो गया कि अभी पंडाल में जाना तक मुश्किल है। पीएम की प्रदेश में 5 रैलियां होनी हैं। पहली कुरुक्षेत्र रैली में 6 जिलों के 23 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों को बुलाया जा रहा है। कल भी यहां मौसम खराब रहने की संभावना है। वहीं हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें सबसे चौंकाने वाला नाम कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल का है। उनकी मां सावित्री जिंदल उख्र्से बागी होकर हिसार से चुनाव लड़ रही हैं, और पार्टी ने बेटे नवीन जिंदल को स्टार प्रचारक बना दिया है। सावित्री देश की सबसे अमीर महिला हैं। इसी तरह रेसलर विनेश फोगाट कांग्रेस की टिकट पर कांग्रेस से चुनाव लड़ रही हैं, लेकिन उनकी चचेरी बहन दंगल गर्ल बबीता फोगाट भाजपा से स्टार प्रचारक होंगी। वहीं, स्टार प्रचारकों की इस सूची में पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामबिलास शर्मा का नाम गायब है। पार्टी ने उनकी महेंद्रगढ़ सीट से टिकट भी काटकर कंवर सिंह यादव को चुनाव लड़वाया है। इस सूची में 3 केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्री सहित राज्य के 13 बड़े नेताओं को शामिल किया गया हैं। इनमें एख़ नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, राव इंद्रजीत सिंह, कृष्णपाल गुर्जर, उख्र् पार्लियामेंट्री बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, नवीन जिंदल, चौधरी धर्मबीर सिंह, किरण चौधरी, कुलदीप बिश्नोई, अशोक तंवर, रामचंदर जांगड़ा, स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। दक्षिणी हरियाणा को बीजेपी का गढ़ कहा जाता हैं। भिवानी से लेकर फरीदाबाद जिले तक 24 विधानसभा की सीटें हैं। 2014 और 2019 दोनों बार प्रदेश में बीजेपी सरकार बनाने में इस इलाके का अहम रोल रहा है।

### कोलकाता रेप-मर्डर, जूनियर डॉक्टरों की राष्ट्रपति-पीएम को चिट्ठी

## दखल की मांग की, आरोपी संजय के नार्को टेस्ट के लिए सीबीआई कोर्ट पहुंची

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त को हुए ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन 35वें दिन भी जारी है। डॉक्टरों और बंगाल सरकार के बीच प्रदर्शन खत्म करने पर सहमति नहीं बन पा रही है। अब डॉक्टरों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मामले में दखल देने की मांग है। उन्होंने गुरुवार (12 सितंबर) की रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी को लेटर भेजा। उन्होंने लिखा- आपका दखल हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा। देश के प्रमुख होने के नाते आपके सामने हम अपने मुद्दों को रख रहे हैं, ताकि हमारी बदकिस्मत साथी जो सबसे घृणित अपराध का शिकार हुई, उसे न्याय मिल सके और पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत हम स्वास्थ्य पेशेवर डर और आशंका के बिना जनता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने में सक्षम हो सकें। इस मुश्किल समय में आपका हस्तक्षेप हम सभी के लिए प्रकाश की किरण के रूप में काम करेगा, जो हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा।

### जूनियर डॉक्टर्स ने कहा कि उन्हें सरकार के साथ बातचीत न हो पाने का दुख



ममता सरकार और डॉक्टरों के बीच 12 सितंबर को तीसरी बार चर्चा नहीं हो सकी। सीएम ममता ने सचिवालय नबन्ना में दो घंटे इंतजार किया, लेकिन डॉक्टर मीटिंग के लाइव टेलीकास्ट की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मैं इस देश और दुनिया के लोगों से माफी मांगती हूं, जो उनका (डॉक्टरों) समर्थन कर रहे हैं, कृपया अपना समर्थन दें। मुझे समस्या नहीं है। अगर लोग चाहते हैं तो मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। हालांकि, जूनियर डॉक्टर्स ने कहा कि उन्हें सरकार के साथ बातचीत न हो पाने का दुख है। उन्हें ममता बनर्जी का इस्तीफा नहीं चाहिए। वे अब भी बातचीत के लिए तैयार हैं। हालांकि, वे बातचीत के लिए अपनी 4 शर्तों पर अड़े हुए हैं। सीबीआई ने आरोपी संजय के नार्को टेस्ट की इजाजत मांगी इधर, सीबीआई ने शुक्रवार (13 सितंबर) को रेप-मर्डर के आरोपी संजय रॉय को कोलकाता के सियालदह कोर्ट में पेश किया। उसे नार्को टेस्ट से जुड़ी सुनवाई के लिए प्रेसिडेंसी सुधार गृह से कोर्ट लाया गया था। सीबीआई ने संजय का नार्को टेस्ट कराने के लिए कोर्ट से इजाजत मांगी है। एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि नार्को टेस्ट से हमें संजय के बयान को सत्यापित करने में मदद मिलेगी। नार्को टेस्ट के दौरान व्यक्ति के शरीर में सोडियम पेंटोथल दवा इंजेक्ट की जाती है, जो उसके सोचने की शक्ति खत्म कर देती है। इस दौरान उससे पूछताछ होती है। ज्यादातर मामलों में आरोपी सच्ची जानकारी देता है। सीबीआई ने मुख्य आरोपी संजय के दांतों के निशान लिए एउक्रने गुरुवार (12 सितंबर) को मुख्य आरोपी संजय रॉय के दांतों के निशान लिए।

### हरियाणा में गुटखा और तंबाकू हुआ बंद

## एक साल के लिए सरकार ने किया बैन, पहले भी प्रदेश में बिक्री पर लगी थी रोक

■ संजीवनी टुडे

चंडीगढ़। हरियाणा में प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य में गुटखा और पान मसाला पर एक साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। इसके लिए सरकार ने सभी जिलों के अधिकारियों को एक पत्र जारी किया है। जिसके द्वारा आदेश जारी किए गए है कि हरियाणा में तंबाकू और निकोटीन (गुटखा और पान मसाला) की बिक्री पर रोक लगा दी है। सरकार ने सभी जिलों के डीसी और पुलिस अधीक्षक सहित सिविल सर्जन और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को इस आदेश के कड़ाई से पालन करने के भी निर्देश जारी किए है। सरकार द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत हरियाणा में गुटखा व पान मसाला के निर्माण भंडारण और वितरण पर एक साल तक के लिए प्रतिबंध रहेगा। ये आदेश राज्य के सभी जिला उपायुक्त, सभी पुलिस अधीक्षक, सभी सिविल सर्जन और सभी खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी को जारी किए गए हैं। बता दें कि सरकार द्वारा पहले भी प्रदेश में पान मसाला, गुटखा और तंबाकू की बिक्री पर रोक लगा दी थी। साल 2023 में 7 सितंबर को सरकार के द्वारा आदेश जारी किए गए थे। इस बार भी हरियाणा सरकार के द्वारा 7 सिंतबर को सभी जिलों के लिए निर्देश जारी किए गए है।



### मणिपुर के 5 जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट से बैन हटा

## मोबाइल इंटरनेट पर 15 सितंबर तक प्रतिबंध, छात्रों के प्रदर्शन के बाद सरकार का फैसला

■ संजीवनी टुडे

इंफाल। मणिपुर सरकार ने शुक्रवार को पांच जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस पर लगे बैन को हटा दिया। हालांकि मोबाइल इंटरनेट पर लगा प्रतिबंध 15 सितंबर तक जारी रहेगा। मणिपुर में अचानक बढ़ी हिंसक घटनाओं के बाद राज्य सरकार ने 10 सितंबर को 5 दिन के लिए इंटरनेट पर बैन लगाया था। सितंबर महीने की शुरुआत में कुकी उग्रवादियों ने मैतेई इलाकों में ड्रोन और रॉकेट से हमला किया था। इसमें 2 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसके बाद राजधानी इंफाल में मैतेई समुह के छात्रों ने प्रदर्शन किया था। छात्रों ने राजभवन पर पत्थरबाजी की थी। पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़े थे। उन्होंने सेंट्रल फोर्सेस पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए उनसे राज्य छोड़कर जाने की मांग की। साथ ही राज्य में यूनिफाइड कमांड की कमान मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को दी जाए। यानी, सेंट्रल और स्टेट फोर्स की कमान केंद्र की बजाय मुख्यमंत्री के पास हो। ये लोग डीजीपी और सिक्योरिटी एडवाइजर को हटाने की भी मांग कर रहे हैं।

### पहली बार ड्रोन से हमला



एक सितंबर को राज्य में पहली बार ड्रोन हमला देखने को मिला। इम्फाल वेस्ट जिले के कोत्रुक गांव में उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और कडांगबांड घाटी के निचले इलाकों में फायरिंग की और ड्रोन से हमला किया। इसमें 2 लोगों की मौत और 9 घायल हुए। इम्फाल जिले के सेजम चिरांग गांव में उग्रवादियों ने ड्रोन अटैक किए। इसमें एक महिला समेत 3 लोग घायल हो गए। उग्रवादियों ने रिहायशी इलाके में ड्रोन से 3 विस्फोटक गिराए, जो छत को तोड़ते हुए घरों के अंदर फटे। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटी से गोलीबारी भी की। मणिपुर बिष्णुपुर जिला स्थित मोइरांग में पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के घर पर हमला हुआ था। कुकी उग्रवादियों ने रॉकेट बम फेंका। इस हमले में 1 बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। मैरेम्बम कोइरेंग राज्य के पहले मुख्यमंत्री थे। पहली घटना जिला हेडक्वार्टर से करीब 7 किमी दूर हुई। यहां संदिग्ध पहाड़ी उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग को सोते समय गोली मार दी। वे घर में अकेले रहते थे। दूसरी घटना में कुकी और मैतेई लोगों के बीच गोलीबारी हुई।

## खबरें फटाफट

### कांटल नदी में हो रहा है अवैध बजरी खनन,जिम्मेदारों की अनदेखी या मिलीभगत



■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाड़ा/सिरोही। नगर के समीपवर्ती स्थित कांटल नदी में पिछले काफी समय से अवैध बजरी खनन बड़ी मात्रा में हो रहा है पिंण्डवाड़ा-उदयपुर फोरलाइन के नीचे से गुजरने वाली नदी में अवैध रूप से टैक्टरो से बड़े स्तर पर बजरी परिवहन हो रहा हैम् जिससे कि पर्यावरण का भारी नुकसान हो रहा है । वही इससे साफ जिम्मेदारों की अनदेखी या मिली भगत की बू आ रही है। वहीं कार्रवाई नहीं होने से बजरी माफियों के हौसले भी बुलंद हो रहे है। पूरे प्रदेश में अवैध खनन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने को लेकर सरकार भले ही गंभीर है लेकिन अब तक अलग-अलग जगहों पर की गई कार्रवाई से पता चलता है कि बजरी माफियाओं को इन कार्रवाइयों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा। ऐसा लगता है जैसे कहीं न कहीं सम्बंधित विभाग के साथ मिलीभगत करके अवैध बजरी परिवहन का कार्य किया जा रहा है,जो निःसंदेह चिंता का विषय है।

### सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा मंडल माचाड़ी ने घर-घर जाकर बनाए सदस्य



■ संजीवनी टुडे

माचाड़ी(रैणी)। सदस्यता अभियान को लेकर माचाड़ी भाजपा मंडल की ने शुक्रवार को जिला महामंत्री रामावतार चौधरी के नेतृत्व में घर-घर जाकर भाजपा सदस्य बनाएं। सदस्यता अभियान के सहसंयोजक रतन तिवाड़ी ने मीडिया कर्मी राजकुमार गुप्ता को बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल मीणा, संयोजक महेश इन्दौरिया तथा बुथ अध्यक्षों के साथ घर-घर जाकर सदस्य बनाएं गये। तथा भाजपा की रीति नीतियों के बारे में जनता को जानकारी दी गई। सदस्यता जोड़ो अभियान के तहत अनेक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर से भाजपा सदस्यता अभियान चल रहा है। 11 सितंबर से 17 सितंबर तक सघन सम्पर्क कर अधिक से अधिक सदस्य बनाएं जाने हैं।

### तालाब में डूबा 22 वर्षीय युवक,तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत

■ संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां शुक्रवार को इलाके के गणेशपुरा गांव में बने तालाब में एक युवक पैर फिसलने से डूब गया।



तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई थी और वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से पानी से युवक का शव बाहर निकाला और शव को मोर्चरी में रखवाया गया था और पुलिस थाना एसआई मनमोहन ने बताया कि मृतक दिनेश कुमार बुनकर (22) गणेशपुरा गांव का रहने वाला था। और बताया गया है कि दिनेश कुमार तालाब के किनारे के पास बकरिया चरा रहा था। तभी इस दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया। पानी की गहराई अधिक होने से वह तालाब में डूब गया और आस पास के लोगो ने पुलिस को सूचना दी गई और वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाला और मोर्चरी में रखवाया गया था और ऊधर, मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था और ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को सहायता राशि मुहैया करवाने की मांग भी की गई है।

### शीतला माता के लिये 101 ध्वज के साथ द्वितीय विशाल पदयात्रा 15 को

■ संजीवनी टुडे

चाकसू। कस्बे के बड़े बालाजी मंदिर से शीतला माता के लिये द्वितीय विशाल पद यात्रा 101 ध्वज के साथ 15 सितंबर को रवाना होगी और आयोजन कर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 सितंबर को टोंक रॉड स्थित बड़े बालाजी मंदिर से सुबह 10 बजे क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा विधिवत तरीके से पदयात्रा को रवाना करेंगें जो उसी दिन 3 बजे शीतला माता के मंदिर पहुँचेगी । गोरतलब है कि शुक्रवार को पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा के नेता केलाश शर्मा ने किया और इस अवसर पर रामधन सैनी मण्डल अध्यक्ष , किशन धाभाई मण्डल अध्यक्ष देहात, ज्ञान चंद मीणा मण्डल अध्यक्ष शिवदासपुरा, विनोद निमोड़िया, अभिषेक शर्मा, मुकेश शर्मा कोटखावदा, संजय शर्मा, सीताराम गोरा ,राजेश चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधी व कार्यकर्ता साथ में मौजूद रहे थे । वही पदयात्रा को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई और माता जी के भक्तों ने घर-घर जाकर पीले चावल भी बांटे गए हैं।

# चैनपुरा में भव्य मेले का हुआ आयोजन, नागदेवता ने दिए दर्शन

## मेले के दौरान पंचायत प्रशासन की लापरवाही आई सामने, मुख्य सड़क से कीचड़ की नही करवाई साफ सफाई

■ संजीवनी टुडे

मालपुरा (टोंक) मालपुरा उपखण्ड के ग्राम पंचायत मुख्यालय चैनपुरा में तेजाजी महाराज का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। चैनपुरा गांव में हर वर्ष तेजादशमी पर तेजाजी मेले का भव्य आयोजन किया जाता है। पूरे गाँव के लोग हर्षोल्लास के साथ मेले की तैयारियां करते है। दूर दूर से भक्तगण हजारों की संख्या में इस भव्य मेले में नाग देवता के दर्शन करने के लिए आते हैं। लोकदेवता तेजाजी महराज के प्रतीक सर्प के रूप में, तेजाजी महाराज स्वयं भक्तों को दर्शन देते हैं। समाज सेवी शंकर लाल शर्मा और मन्दिर समिति सदस्य बद्री लाल शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गांव में तेजादशमी को भव्य मेले का आयोजन किया गया है। नाग देवता प्रकट होकर भक्तों को दर्शन देते हैं। यहां पर लकवा ग्रस्त और सांप के डसे हुए व्यक्ति का इलाज होता है। तेजाजी महाराज की ऐसी कृपा है कि, गांव में आज तक किसी भी व्यक्ति को सांप ने नही काटा है। तेजादशमी मेले से एक दिन पहले, भव्य जागरण का आयोजन किया गया। तेजाजी के मेले में आने वाले प्रत्येक भक्तगण ने यहाँ भण्डारे में पंगत प्रसादी पाई। चैनपुरा मेले में अलगोजो और ढोल नगाड़ों पर नृत्य करते हुए, ग्रामीण महिला पुरुष ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। चैनपुरा गांव में ही तीन चार सौ वर्ष पुराना एक नरसिंह मन्दिर भी स्थित है। जो भी भक्तगण मेले में आते हैं, वो भगवान नरसिंह जी महाराज के दर्शन करना नही भूलते।



वहीं तेजाजी महाराज के भव्य मेले के आयोजन के दौरान ग्राम पंचायत प्रशासन चैनपुरा की भारी लापरवाही देखने को मिली। चौसला से चैनपुरा जाने वाली मुख्य सड़क पर जगह जगह कीचड़ भरा होने के कारण आने जाने वाले यात्रियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। पंचायत प्रशासन को यह ज्ञात होते हुए भी कि हजारों की संख्या में दूर दराज से भक्तगण नागदेवता के दर्शन करने के लिए मेले में आते हैं। फिर भी पंचायत प्रशासन द्वारा मुख्य सड़क पर भरे कीचड़ को साफ करवाने की कोई कार्रवाई नहीं की गई। मुख्य सड़क पर जगह जगह कीचड़ व गन्दा पानी भरा होने से दुपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को भारी मुसीबत उठानी पड़ी। कई दुपहिया वाहन चालक तो कीचड़ में गिरने से बाल बाल बच गए। लेकिन पंचायत प्रशासन ने कीचड़ को साफ कराने या मुख्य सड़क पर मिट्टी डलवाने की कोई ठोस कदम नही उठाया। जबकि स्थानीय मेले या ऐसे कोई सार्वजनिक आयोजनों के लिए साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था करवाने की जिम्मेदारी पंचायत प्रशासन की होती है। मेले में आने जाने वाला हर कोई यात्री पंचायत प्रशासन को कोसता नजर आया। इतने बड़े मेले के आयोजन को लेकर पंचायत प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग को ठीक नही करवाना पंचायत प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े करता है।

## ऐतिहासिक बाबा रामदेव का दो दिवसीय लख्खी मेला सिकराय में संपन्न



■ संजीवनी टुडे

दौसा। भारत का सबसे बड़ा बैरवा समाज का लख्खी मेला दौसा जिले के निहालपुरा सिकराय मे बाबा रामदेव सेवा समिति की तरफ से आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष शिवचरण मेहरा ने समारोह की अध्यक्षता की। एडवोकेट मोहन प्रकाश बैरवा प्रदेश महामंत्री ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री मुंशीलाल कुण्डारा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भोमाराम टाटीवाल, राजस्थान प्रदेश महामंत्री एडवोकेट मोहन प्रकाश बैरवा, तथा दिल्ली ,मध्य प्रदेश, हरियाणा ,चंडीगढ़ ,उत्तर प्रदेश ,गुजरात तथा राजस्थान के कोने-कोने से समाज के वरिष्ठ लोगों ने भाग लिया। मंच संचालन ट्रस्ट के महामंत्री मदनलाल बैरवा ने किया।

## राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा आयोजित मेवाड दर्शन यात्रा प्रारंभ

■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा। राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा आयोजित हर वर्ष की भांति इस वर्ष 12 सितम्बर से 16 सितम्बर तक मेवाड दर्शन यात्रा का प्रारंभ आबूरोड से किया गया। उक्त यात्रा आबुरोड के विविध गांवो में भ्रमण के बाद शुक्रवार प्रातः: पिण्डवाडा पहुंचने आर्दश विद्या मंदिर प्रांगण में भव्य स्वागत के बाद वंदना सभा का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार वनवासी कल्याण परिषद द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर पिण्डवाडा में आयोजित मेवाड दर्शन की आयोजित वंदना सभा की शुरूआत भगवान गणेशजी को छप्पन भोग प्रसादी चढाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शंकर लाल पटेल ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का परिचय करवाया। इस अवसर पर मेवाड दर्शन में शामिल कार्यकर्ता नरेंद्र सिंह व्याख्याता जोधपुर द्वारा लोक देवता बाबा रामदेव जी के



जीवनवृत के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। पिण्डवाडा से मेवाड दर्शन यात्रा वनवासी क्षेत्र में संचालित आदर्श विद्या मंदिर मालप एवं एकलव्य संस्कार केंद्र मोरस की वंदना सभा मे भाग लिया एवं ग्रामीण समिति की महिलाओं से देश धर्म के विषय मे चर्चा की। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश कुलमी,प्रदेश मंत्री शंकर लाल पटेल, प्रदेश छात्रावास प्रमुख राजेश सानिध्य रहा। इस दौरान वनवासी कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष धर्माराम गरासिया, वनांचल शिक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश रावल, जनजाति लोक कला प्रमुख राम लाल रनोरा,जनजाति सम्पर्क प्रमुख महेश व्यास, प्रदेश सह शिक्षा प्रमुख सुरेश रिहार, तहसील अध्यक्ष लादुराम गरासिया, शिक्षा प्रमुख मगन लाल प्रजापत,विभाग संगठन मंत्री नवल राम,अशोक कुमार सेन,प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह भाटी, सोमाराम गरासिया, शंकर लाल शर्मा,सरमन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिक्षक सम्मान में मिली राशि को विद्यालय के विकास के लिए की भेंट



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बडला के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के द्वारा जयपुर में 5 सितंबर को सम्मानित किया गया। इस सम्मान में इनको इक्कीस हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान इनको शिक्षा के क्षेत्र में जो लगातार नवाचार किए जा रहे है उसके लिए दिया गया। इनके द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल खेल में शिक्षा, शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार किए जा रहे। इनके हिंदी बालगीत पूरे देश में देखे जाते है। शिक्षक दिनेश कुमार के द्वारा सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर और इक्कीस हजार रुपए में 121 रुपए की राशि मिलाकर 21121 रुपए विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश राम चौधरी को नगद दिए गए। इस राशि का उपयोग विद्यालय विकास और बच्चों पर खर्च किया जाएगा। इस अवसर पर संतोष कुमार कुंडारिया, समरथलाल, भाग्यश्री, सुनीता और नीमलता मीना उपस्थित रहे।

## प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी की मेस में मिली गंदगी और कीड़ों वाली भोजन खाद्य सामग्री



■ संजीवनी टुडे

चाकसू। यहां शुक्रवार को कस्बे के निकट स्थित जगनाथ यूनिवर्सिटी की मेस में कुछ छात्रों को डिनर के बाद हुई फूड पॉइजनिंग के संबंध में इकबाल खान आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर और पंकज ओझा (अतिरिक्त आयुक्त , खाद्य सुरक्षा) के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा 13 सितंबर 2024 को उक्त यूनिवर्सिटी की में निरीक्षण एवं खाद्य नमूनीकरण की कार्रवाई की गई है और यहां कच्ची खाद्य सामग्री को बिना भंडारगृह के ही खुले में स्टोर किया जाना पाया गया और काजू, राइस आदि में कीड़े पाए गए हैं और मेस का परिसर का स्ट्रक्चर खाद्य निर्माण के पूर्ण अनुकूल नहीं मिला है सब्जी के भंडारण की जगह गंदी मिली, दीवारें और छत बदरंग मिले हैं। फूड हैंडलर्स ने उचित पोशाक नहीं पहनी थी और प्रयुक्त हो रहे पानी की जांच रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट और स्टाफ के स्वस्थता प्रमाण पत्र तथा फोस्टेक ट्रेनिंग के प्रमाण नहीं पाया गया था वहीं रसोई में मक्खी, मच्छर, चूहे , बिल्लियों का सीधा प्रवेश होता पाया गया है और काजू, दाल, चावल, सूजी, मसालों, सब्जी की ग्रेवी, तैयार दाल, दही आदि का नमूना लिया गया जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया है। वही जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जायेगी वहीं मेस की रसोई में निम्न गुणवत्ता की सामग्री मिलने और फूड व्यवसाय नियमों की अवहेलना के कारण एफएसएसए की धारा 32 के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस दिया जायेगा और अनवरत चलने वाले इस अभियान के तहत मिलावटख?री करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए रोज इस तरीके की कार्यवाही जारी रहेगी और इन समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे है।

## 68 वी जिला स्तरीय जूडो एवं कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

■ संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा। स्वामी विवेकानंद पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय पिण्डवाड़ा में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय जुडो एवं कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेंद्र मेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रतन देवी जिला परिषद सदस्य, संजय गर्ग तथा रमेश रावल रहे,कार्यक्रम की अध्यक्षता वागेंद्र रावल द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के माल्र्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत माल्र्यार्पण एवं साफा बांधकर किया गया, इस अवसर पर छात्रों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि सुरेंद्र मेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में पिण्डवाड़ा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए और नए आयामों को विकसित करने का प्रयास उनके द्वारा किया जाएगा तथा छात्रों से संबंधित कार्यो के लिए सदैव तत्पर रहते हैं जिससे कि इनका सर्वांगीण विकास हो सके उन्होंने विद्यालय द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य के लिए प्रधानाचार्य को धन्यवाद दिया ,इस अवसर पर संजय गर्ग नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका पिण्डवाड़ा में भी खेलों के विकास हेतु हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया।तदुपरांत प्रधानाचार्य डा. मनीष रावल ने चैंपियन रही टीमों की घोषणा की, जिसमें जूडो छात्र



वर्ग में महात्मा गांधी पुराना भवन सिरोही द्वितीय स्थान स्वामी विवेकानंद पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय पिण्डवाड़ा तथा छात्रा वर्ग में प्रथम आदर्श बाल निकेतन सिरोड़ी रही। इसी प्रकार से कुश्ती छात्र तथा छात्रा वर्ग में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुराना भवन सिरोही की टीमे विजेता रही,चैंपियन टीमों को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि ,विशिष्ट अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा किया गया।

छात्रा वर्ग मैं विजेता रही टीम को पुरस्कार वितरण जिला रिषद सदस्य श्रीमती रतन देवी द्वारा किया। छात्र वर्ग के विजेताओं को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि सुरेंद्र मेवाड़ा एवं संजय गर्ग द्वारा किया गया । अतिथि गणों द्वारा खेल प्रतियोगिता में निर्णायक तथा सहयोगियों की भूमिका निभाने वाले समस्त प्रतिभागियों को वागेंद्र,कुसुम,ऋषि कुल संस्थान एवं यूनिक गारमेंट द्वारा प्रायोजित स्मृति सिन्ह एवं उपहार भेट किए। इसी क्रम में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे सभी छात्रों को वागेंद्र रावल अध्यक्ष पेशनर समाज एवं भूपेद्र पुरोहित पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य तेलपुर द्वारा स्वर्ण,रजत एवं कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में सराहनीय योगदान के लिए दिनेश रावल,शंकर लाल, गोविंद रावल,सार्थक मेवाड़ा,तेजपाल सिंह, कमलेश कुमार,आदि को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की उद्घोषणा एवं मंच संचालन का कार्य रवि व्यास एवं प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पधारे हुए सभी अतिथि एवं छात्रों को संस्थान की ओर से भोजन करवाया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक निर्णायक एवं कार्य व्यवस्था में लगाए गए कार्मिक तथा दल प्रभारी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहे।

## राउमावि रबासर की छात्रा का राज्य स्तर पर चयन



■ संजीवनी टुडे

धनाऊ। ब्लॉक के रा उ मा वि रबासर की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा जेठी का चयन 17 वर्षीय कबड्डी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।उनके चयन पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने खुशी जताई है।जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सुदाबेरी में हुआ जहां विद्यालय की छात्रा का राज्य स्तरीय टीम के लिए चयन हुआ। शुक्रवार को विद्यालय के संस्था प्रधान देवराज बालाच एवं ग्रामीणों द्वारा छात्रा का बहुमान कर जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रवाना किया।विद्यालय स्टाफ उदाराम बालाच व्याख्याता तथा केवाराम, अमेदाराम, ग्रामवासी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।स्थानीय ग्रामवासियों ने बताया कि भविष्य में अगर कोई विद्यार्थी खेल में आगे बढ़ता है तो हर संभव मदद करेंगे।ग्रामवासियों ने विद्यालय परिवार द्वारा किए गए प्रयास पर आभार प्रकट किया।

### राजस्थान साइकाइट्रिक समिति का 39वां दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन आज से

जयपुर। राजस्थान साइकाइट्रिक समिति का 39वा दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 14, 15 सितंबर को होटल क्लार्क आमेर के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ मनस्वी गौतम ने बताया कि इस अधिवेशन में राजस्थान के 250 से अधिक मनोचिकित्सक भाग लेंगे। अधिवेशन में मुख्य रूप से मनोचिकित्सा में कृत्रिम बुद्धि के उपयोग, मनोचिकित्सा में कानूनी प्रक्रिया विषयों पर व्याख्यान होंगे तथा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। राजस्थान साइकाइट्रिक समिति के अध्यक्ष डॉ अखिलेश जैन ने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान 12 अवार्ड पेपर्स एवं वर्कशॉप आयोजित की जाएगी तथा विभिन्न विषयों पर आमंत्रित व्याख्यान होंगे। इस्टोनिया के प्रोफ़ेसर डॉ एडुआर्ड मारेन कृत्रिम बुद्धि की तकनीक का मनोचिकित्सा पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान देंगे इबहास दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ निमेष देसाई मानसिक स्वास्थ्य कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोचिकित्सा में इंश्योरेंस कंपनियों की भूमिका विषय पर व्याख्यान व परिचर्चा करेंगे । उदयपुर के डॉ मनु शर्मा को इस वर्ष का डॉ शिव गौतम ओरेशन अवार्ड प्रदान किया गया है। अधिवेशन में 55 शोध पत्रों का व 30 शोध पोस्टर्स का भी आयोजन किया गया है। इसके अलावा तीन सत्रों में पैनल डिस्कशन आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन जयपुर की सांसद मंजू शर्मा करेगी विशिष्ट अतिथि डॉ करण सिंह यादव तथा वर्ष 2025 के लिए निर्वाचित अखिल भारतीय अध्यक्षा चंडीगढ़ की डॉ सविता मल्होत्रा होंगे।

### नेता प्रतिपक्ष जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर आमजन से की मुलाकात



■ संजीवनी टुडे

अलवर। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने शुक्रवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंचकर आमजन से मुलाकात की। जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि आमजन अपनी मूलभूत सुविधाओं को भी पाने के लिए तरस रहा है। जूली बोले पर्ची वाली नई सरकार केवल कांग्रेस राज में जरूरतमंदों के लिए बनाई गई योजनाओं को ठंडे बस्ते में डालने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी सहित विभिन्न मामलों में अपने आप को असहाय महसूस कर रही है और देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री दोनो दौरों पर व्यस्त है। नेता प्रतिपक्ष और अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने मालाखेड़ा क्षेत्र के गांव पूनखर में कांग्रेस राज में स्वीकृत हुए करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य भवन निर्माण के बाद ग्रामीणों को यहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय पर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बेहतर चिकित्सा सुविधा उन्हें यहां स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी।अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने मालाखेड़ा उपखंड के गांव सुमेल में स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की ओर से जूली का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। जूली ने कहा कि एक महान योद्धा और समाज सुधारक के रूप में तेजाजी महाराज को याद किया जाता है। उन्होंने कहा की जात-पात की बुराइयों पर रोक लगाकर समाज को नई दिशा देने में तेजाजी ने अहम भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर उप प्रधान महेश सैनी,सरपंच हजारीलाल मीणा, पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर,जगदीश मीणा,उमरदीन खान, करण सिंह चौधरी, कोठारी चौधरी, कैलाश,जय किशन, रसीला,विजय राम,अनिल मुद्गल, कमल चौधरी, अमर राजोरिया, राजेंद्र मास्टर,कमल जाट, रामभरोस चौधरी, पंकज, विजय, कृष्ण चौधरी,तेज सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जोनेटा गांव में तेजाजी महाराज के मेले में भजन संध्या व भण्डारे का हुआ आयोजन



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। पंचायत समिति के सकट क्षेत्र के जोनेटा गांव के गुर्जर बास स्थित श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर पर शुक्रवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दशमी को वीर तेजाजी महाराज का एक दिवसीय वार्षिक मेला आयोजित हुआ। मेले के अवसर पर मंदिर में भजन संध्या एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। मंदिर के पिराने गणेश सिंह बैंसला ने मीडिया कर्मी राजकुमार गुप्ता को बताया कि वीर तेजाजी महाराज के मेले का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारणों के साथ नाग देवता की बांबी पूजन के साथ विधिवत किया गया। श्रद्धालुओं ने मेले में पहुंचकर वीर तेजाजी महाराज मंदिर में विराजित वीर तेजाजी की प्रतिमा के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाकर परिक्रमा कर मत्था टेक मन्नत मांगी। मेले के दौरान यहां आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में मरियाडा सिकन्दरा, बाई बुटोली अलवर व बीधोता गांव की गोठिया पार्टी के कलाकारों के द्वारा वीर तेजाजी महाराज, हनुमान जी, शिव जी, राधा कृष्ण एवं अन्य देवी देवताओं के भजनों की प्रस्तुतियां पेश की गई। भजनों पर कई श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। मेले के अवसर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर भंडारे की प्रसादी ग्रहण की। मेले में गांव जोनेटा, करनावर, नारायणपुर, सकट, राजगढ़, बांदीकुई, बसवा, अलवर, दौसा, जयपुर, सीकर के अलावा दिल्ली हरियाणा व पंजाब आदि जगहों से श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर राजेंद्र गुर्जर, नानु चौधरी, हंस राज गुर्जर, राजू मीना, छोटेलाल, श्याम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### दो दिवसीय नेशनल अलवर फिजियोकोन का आयोजन आज से

■ संजीवनी टुडे

अलवर। अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट एवं लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली दो दिवसीय फिजियोकोन के पहले दिन 14 सितंबर शनिवार को आयोजित होने वाले शोध पत्र एवं कार्यशाला कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विभिन्न राज्यों, मेडिकल कॉलेज और इंस्टीट्यूट से विषय विशेषज्ञों का अलवर आना शुरू हो गया है। संगठन के अध्यक्ष डॉ सचिन अग्रवाल ने बताया कि अलवर में पहली बार वृहद स्तर पर आयोजित होने वाली फिजियोकोन में लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित सभागार में शनिवार को विषय विशेषज्ञों द्वारा शोध पत्र एवं कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वहीं 15 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल फिजियोकोन की रूपरेखा पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय फिजियोकोन की ओपनिंग सेरेमनी के लिए फिजियोथैरेपिस्ट काफी उत्साह है।

**खबरें फटाफट**

## जयपुर में बालिग होते ही युवती ने घर छोड़ाः परिवार ने सुबह 18 साल की होने पर किया था बर्थ-डे विश, मोबाइल स्विच ऑफ

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर में बालिग होते ही युवती का अपना घर छोड़कर जाने का मामला सामने आया है। वह मार्केट जाने का कहकर निकली और मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। परिवार ने सुबह उसे बर्थ-डे विश किया था। खोह नागोरियान थाने में हेड कॉन्स्टेबल हंसराज ने बताया- खोह नागोरियान निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि उनकी बेटी प्राइवेट कंपनी में जॉब करती थी। 11 सितम्बर को उनकी बेटी का 18वां जन्मदिन था। सुबह उठने पर परिवार ने बेटी को उसके 18वें जन्मदिन को विश किया। दोपहर करीब 12 बजे वह बैंक से रुपए निकलवाने जाने की कहकर निकली थी। बैंक से रुपए निकलवाने के बाद मार्केट कपड़े खरीदाने जाने की कहा था। दोपहर करीब 3 बजे तक वापस घर नहीं लौटने पर कॉल करने पर स्विच ऑफ मिला। काफी प्रयास के बाद भी मोबाइल बंद मिलने पर परिजनों ने इधर-उधर तलाशा, लेकिन लापता बेटी का कहीं पता नहीं चला। बालिग होते ही बेटी के घर से लापता होने की परिजनों ने खोह नागोरियान थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## जयपुर में बॉयफ्रेंड ने किया युवती से रेपः शादी का झांसा देकर फंसाया, तेजाब डालने की दी धमकी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर।जयपुर में बॉयफ्रेंड ने युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर बॉयफ्रेंड ने शादी करने का वादा किया। शादी का झांसा देकर उसके साथ देहशोषण करता रहा। पुलिस को बताने पर तेजाब डालने की धमकी दी। गलतागेट थाने में पीड़िता ने आरोपी बॉयफ्रेंड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ(गलतागेट) लिखमा राम कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- चार दरवाजा निवासी 23 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ समय पहले उसकी उत्तर प्रदेश निवासी हसब्बर खान से मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी हसब्बर खान ने उससे दोस्ती कर ली। आरोप है कि मिलने के बहाने गलतागेट इलाके स्थित एक होटल में मिलने बुलाया। मिलने जाने पर आरोपी उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर आरोप हसब्बर लगातार देहशोषण करने लगा। शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने मना कर दिया। पुलिस में शिकायत करने की कहने पर आरोपी ने तेजाब डालने की धमकी दी। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने गलतागेट थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## जयपुर में नाबालिग लड़की से रेप की कोशिशः अकेला पाकर घर में घुसा परिचित, विरोध करने पर मारने की दी धमकी

■ संजीवनी टुडे

जयपुर ।नाबालिग लड़की से रेप की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोपी परिचित ने उसके घर में घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने मारने की धमकी दी। सांगानेर थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच ट्ठ्ठ (सांगानेर) किशन लाल कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- सांगानेर निवासी नाबालिग पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। नाबालिग बेटी के साथ परिचित युवक ने रेप का प्रयास किया है। आरोप है कि 10 सितम्बर को नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। इस दौरान घर में अकेला पाकर आरोपी ने जबरन घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर डरा-धमकाकर रेप करने की कोशिश की। शोर मचाकर विरोध करने पर आरोपी पकड़े जाने के डर से भाग निकला। परिजनों के घर पहुंचने पर नाबालिग पीड़िता ने आपबीती सुनाई। सांगानेर थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत क्केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तारः लठ्ठ से पीट-पीटकर मार डाला था, फतहनगर थाना पुलिस की कार्रवाई

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। उदयपुरज जिले के फतहनगर थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दुर्गा प्रसाद दाधिच ने बताया कि आरोपी बाबूलाल उर्फ त्रिलोक पिता डालु निवासी खेड़ी मगरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से घटना में उपयोग लिया लठ्ठ जब्त किया है। थानाधिकारी ने बताया कि 10 सितंबर 2024 को टेलिफोन से सूचना मिली कि खेड़ी मगरी गांव कंचोली में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और घटना की जानकारी ली। मौके पर मृतका के भाई लालु भील ने बताया कि उसकी बहन वरदी का पति बाबूलाल उर्फ त्रिलोक बहन वरदी के साथ आए दिन मारपीट करता था। उसने ही बहन को पीट-पीटकर मार डाला। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। इसके बाद आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया।

# गैरेज से चोरी की गई कार सहित गैरेज का सामान बरामद , दो अंतर्राज्यीय अभियुक्त गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। कोतवाली निंबाहेड़ा थाना पुलिस ने कार चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए गैरेज से चोरी की गई दस लाख रुपए मुल्य की कार तथा गैरेज का सामना बरामद किया है दो अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि दिनांक 29 अगस्त 2024 को प्रार्थी यासीन पिता अमीन खान मुसलमान उम्र 28 साल निवासी रानीखेडा दरवाजा निमच रोड निम्बाहेडा थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ ने एक रिपोर्ट पेश की कि मेरा गैरिज ऐके मारूती ऑटो गेरिज जो कि सीके गार्डन के सामने उदयपुर रोड पर स्थित है मेरी दुकान सायं को 05.00 पीएम पर बन्द कर ताला लगाकर मोहर्रम का त्यौहार होने के कारण घर पर था आज दिनांक 29 अगस्त 2024 को सुबह 10 एएम पर दुकान पर गया वहां पर ताले टुटे हुये मिले व अन्दर देखा तो मेरा दुकान का सार सामान अस्त व्यस्त था एवं मेरी दुकान से कार साफ करने का वेकुम, जैक , दो बेट्री बोल्ट खोलने की गन, टुल बाक्स एवं कार का सामान नया और गाडियो के सेन्सर ,दो कार की चाबी दुकान के अन्दर गाडी तैयार करने के लिये आई थी जो कि ग्राहक की गाडी अन्दर खडी थी उसको भी ले गये और हथोडी टामीया ले गये यह घटना 3 बजे के बाद की है। घटना अज्ञात बदमाश मेरी दुकान के ताले तोड चौरी करके ले गये प्रार्थना पत्र श्रीमान की सेवामें पेश है जल्दी उचित कार्यवाही की जावे। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या दर्ज कर अनुसंधान सूरज कुमार सहायक उप निरीक्षक थाना कोतवाली निम्बाहेडा के जिम्मे होने से अनुसधांन किया गया। उक्त घटना को ट्रेस आउट कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश प्रदान किये जिस पर पर्वत सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व बद्री लाल राव पुलिस उप अधीक्षक वृत निम्बाहेडा के नेतृत्व में राम सुमेर मीणा पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा द्वारा अनुसंधान अधिकारी एएसआई सूरज कुमार मय जाब्ते की टीम




गठित की गई। दौराने अनुसंधान घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये एवं फुटेज मे संदिग्ध दो व्यक्ति दिखने पर उनके जाने वाले रास्ते पर ओछड़ी ,कपासन राशमी, करेडा ,आमेट ,देवगढ तक लगभग 250 से अधिक कैमरे के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियो के जाने वाले रास्तो को खंगाला गया सीसीटीवी फुटेज मे आने वाले संदिग्ध व्यक्तियो के फोटो मौतबिर, मौजीज, मुखबिरो को बताया गया लगभग 12 दिन तक पुलिस टीम ने लगाताार अभियुक्तो की तलाष की काफी प्रयास के बाद ए.एस.आई सूरज कुमार को जरिये मुखबिर खास से सूचना मिली की सीसीटीवी फुटेज मे दिखने वाला एक आरोपी कैलाश पिता लेहरू लाल माली उम्र 31 साल निवासी मांगरोल सूरत गुजरात हाल देवगढ राजसमन्द होना बताया इस पर ए.एस.आई. सूरज कुमार मय टीम द्वारा अभियूक्त कैलाश को डिटेन किया गया और पुछताछ की गई तो बताया कि मैने और मेरे दोस्त विकास उर्फ बंटी मीणा पिता सरदार सिंह मीणा निवासी आनन्द नगर देवास (एम.पी.) ने मिलकर गैराज मे रखे हुये अन्य किमती सामान चोरी कर ले गये थे। इस पर कैलाश माली व विकास मीणा को डिटेन कर पुछताछ की गई तो दोनो अपराध करना कबुल किया इस पर दोनो गिरफता कर अनुसंधान किया गया। अभियूक्त कैलाश माली की सूचना पर प्रकरण हाजा का चोरी हुआ माल मशरूका कार व अन्य किमती सामान करीब 2 लाख रूपये को बरामद किया गया। आरोपी कैलाश ने पुछताछ पर बताया कि मेरी बंटी उर्फ विकास मीणा से जान पहचान सूरत गुजरात मे रहने के दौरान एक फैक्ट्री मे साथ काम करने के दौरान हुई। हम दोनो ने दारू की तस्करी के लिये एक चोरी की गाडी ढुंड रहे थे।

उक्त दोनो अभियूक्तगणो ने शराब तस्करी करने के लिये किसी चोरी की गाडी की आवश्यकता होने से देवास मध्यप्रदेश से भीलवाडा जाते वक्त दिन मे पैदल पैदल घुमकर रैकी की कि गाडीया लावारिस हालत मे या ऐसी जगह पर खडी रहती है जहा पर किसी का आस पास मकान ना हो और सूनसान हो चोरी हुये घटनास्ल की दिन मे रैकी कर ली और गैराज के अन्दर घसने का रास्ता पता कर लिया था। अभियूक्तो ने बचने के लिये देवगढ राजसमन्द तक किसी भी टॉल नाके को क्रोस नही किया और दिन मे रैकी के दौरान अपने फोन को फ्लाईट मोड मे या स्वीच ऑफ कर रखा था । आरोपी कैलाश माली के खिलाफ पुलिस थाना मांगरोल जिला कामरेज सूरत गुजरात मे आधा दर्जन से अधिक चोरी नकबजनी के मामले दर्ज है। आरोपी बंटी उर्फ विकास मीणा के विरूद्व चोरी नकबजनी के 04 प्रकरण दर्ज है। उक्त कार्यवाही मे कोतवाली निंबाहेड़ा थाने के ए.एस.आई. सूरज कुमार, कानि. देवेन्द्र, विरेन्द्र, अमित तथा साईबर सैल के हैड कानि. राजकुमार, कानि. निर्मल, व कानि राजेश का योगदान रहा। गिरफ्तार आरोपी पीसी रिमाण्ड पर चल रहे है।

# तालाब में सीए इंटर्नशिप कर रही लड़की का मिला शव, सात घंटे बाद लड़के की बॉडी निकाली, पुलिस बोली- प्रेम प्रसंग में किया सुसाइड

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर।उदयपुर जिले के बड़ी तालाब में आज युवक-युवती का शव मिला है। सीए की इंटर्नशिप कर रही युवती गुरुवार शाम से लापता थी। परिजनों ने एक युवक पर शक जताया था। जांच में सामने आया कि युवक भी गायब है। इसके बाद दोनों का शव मिला। नाई थानाधिकारी नरपत सिंह ने बताया- युवती धुवी (19) सीए की इंटर्नशिप कर रही थी। वहीं युवक अभिषेक चेलावत (21) कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। दोनों गुरुवार से घर से गायब थे। प्राथमिक जांच में सामने आया कि दोनों युवक-युवती की बॉडी तालाब में मिली है। दोनों ने सामूहिक रूप से सुसाइड किया है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। आगे मामले की जांच जारी है। युवती के परिजनों ने गुरुवार शाम को लड़की के घर नहीं लौटने पर पुलिस में शिकायत दी थी। लोकेशन के आधार पर रात भर तलाश की लेकिन नहीं मिली। आज तालाब में सर्च किया गया। तब लड़की का शव मिला। तालाब के पास लड़के की चप्पल होने पर शक हुआ। इस पर सर्च जारी रखा। लड़की का शव मिलने के सात घंटे बाद लड़की की बॉडी निकाली गई।





### परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

शव नहीं मिलने से पहले युवती के परिवार ने हत्या का शक जताया था। वहीं पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए थानेदार के इस्तीफ़े की मांग की थी। शव को एमबी हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में लाने पर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली और उपमहापौर पारस सिंघवी सहित कई नेता पहुंचे थे। लड़की के मामा पंकज मोगरा ने बताया ने कहा था कि भांजी गुरुवार रात को वह घर नहीं आई। इसकी सूचना भूपालपुरा पुलिस थाने में दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एमएलए फूलसिंह से फोन कराया तब जाकर पुलिस ने बात सुनी। पुलिस को लड़की के मोबाइल की लोकेशन बताई। तब पुलिसवाले बोले-हमारी गाड़ी में पेट्रोल नहीं है, सुबह तक इंतजार करो। जैसे-तैसे मैं पेट्रोल भराकर पुलिस को लेकर गया। पूरे मामले में पुलिस की गंभीर लापरवाही बताते हुए थानेदार के इस्तीफ़े की मांग की थी।

# 36.70 लाख के नकली नोट बरामद, 7 आरोपी गिरफ्तार: मुख्य आरोपी ने मर्चेन्ट नेवी में नौकरी का दिया था झांसा

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर।जिले के प्रतापनगर थाना पुलिस ने नकली नोटों के साथ सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 36 लाख 70 हजार रुपए के 500-500 रुपए के नकली नोट बरामद किए गए है। मुख्य आरोपी ने अपने परिवार को मर्चेंट नेवी में नौकरी करने का झांसा दे रखा था। जल्द अमीर बनने के लिए उसने नकली नोट बनाने वालों से संपर्क किया और अन्य युवकों को गैंग में शामिल किया। एसपी गोयल ने बताया- मुखबिर से सूचना मिली थी कि देबारी स्थित वैशाली नगर में प्रकाश लखारा निवासी कानोड़ के मकान में फर्जी नोट बनाने की गतिविधियां चल रही है। मकान में दबिश देकर राहुल लोहार पुत्र राजमल लोहार, रोनक रतलिया पुत्र भगवतीलाल, अजय भारती पुत्र बाबू भारती को नकली नोट के साथ पकड़ा। मौके से नोट बनाने का सामान भी जब्त किया गया।

लखन उर्फ कालु पुत्र छगनलाल, समीर मंसुरी पुत्र सलीम, शहजाद शाह



पुत्र अकबर शाह, बबलु उर्फ समीर जाट पुत्र गणेश जाट को 500-500 के करीब 10 लाख 20 हजार रुपए के नकली नोट बाजार में चलाने के लिए दिए थे। राहुल की निशानदेही पर चारों को पकड़कर नकली नोट बरामद किया गया।

चारों को सवीना थाना पुलि ने पकड़ा है। मुख्य आरोपी राहुल लोहार ने पूछताछ में बताया- वह अमीर बनने का सपना देखता था। उसनेघर पर मर्चेन्ट नेवी में नौकरी करने की झूठी बात घरवालों को बता रखी थी। आरोपी ने अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए आर्थिक अपराध करने वाले लोगों से मिलना शुरू किया। इस बीच उसकी पहचान गणेश लाला निवासी भीलवाड़ा से हुई। वह लोगों के साथ धोखाधड़ी करने में शातिर था। गणेश के साथ राहुल ने नकली नोट बनाने का प्लान किया। गणेश के मार्फत नकली नोट बनाने के उपकरण मंगवाए। नोट बनाकर बाजार में चलाने का प्लान बनाने के लिए इस काम में अपनी पहचान के अन्य युवकों को शामिल किया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत मुख्य डाकघर में लगा शिविर



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। उपखंड क्षेत्र में उप डाकघर में शुक्रवार को राष्ट्रीय अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत एक शिविर लगाया गया। जिसमें बेटीयों के आधार कार्ड भी बनाये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक डाकघर अलवर जब्बार ने सुकन्या समृध्दि योजना से बेटीयों के उज्जवल भविष्य के लिए बचत करने के लिए सबसे बेहतर निवेश विकल्प बताया है।योजना में बेटी के जन्म से लेकर दस साल तक की बेटीयों के खाते मात्र 250 रुपये कि निवेश राशि में खोले जा सकते हैं। एक वित्त वर्ष में न्यूनतम 250 रुपये व अधिकतम डेढ़ लाख रुपए जमा किये जा सकते हैं। जिससे आपको आयकर में धारा 80 सी के तहत छुट है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाकघर निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सैनी ने बताया सुकन्या समृध्दि योजना बेटीयों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करती है। माता पिताओ की आर्थिक चिन्ताओ को दूर करने के लिए ये योजना नींव का पत्थर है। कैम्प के माध्यम से लगभग 250 बालिकाओं के खाते खोले गये कार्यक्रम में राजिविका महिला समिति की सदस्यो ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में सुकन्या समृध्दि योजना क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मचारियों को मुख्य अतिथि के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मेवाड़ का प्रसिद्ध जलझूलनी एकादशी मेला आज, 1 लाख से ज्यादा लोग होते है शामिल

## कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद ।मेवाड़ का प्रसिद्ध जलझूलनी एकादशी मेला आज भरेगा। गढबोर में आज चारभुजानाथजी जी का मेला आयोजित होगा। इसको लेकर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने गढबोर पहुंच कर तैयारियों और व्यवस्था का निरीक्षण किया।

जलझूलनी एकादशी पर प्रतिवर्ष चारभुजाथ जी का मेला आयोजित होता है, जहां 1 लाख से अधिक श्रद्धालु मेले में भाग लेते है। जलझूलनी एकादशी मेला मेवाड़ के प्रसिद्ध मेले में से एक है जो राजसमंद के गढबोर कस्बे में आयोजित होता है। जहां महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात सहित प्रदेशभर से श्रद्धालु यहां पहुंचते है। श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में पहुंचने को लेकर प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर तैयारियां पूरी की जाती है, जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन को लेकर समस्याओं का सामना न करना पड़े। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर कलक्टर ने पार्किंग स्थल, भजन संध्या स्थल, मेला प्रांगण, मंदिर प्रांगण और दूध तलाई



सहित महत्वपूर्ण निरीक्षण किया। मंदिर प्रांगण और दूध तलाई सहित महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने श्रद्धालुओं के आगमन और प्रस्थान के लिए विविध मार्गो की व्यवस्थाओं को भी देखा। कलक्टर चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को मेले के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जल आपूर्ति, साफ-सफाई, यातायात संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान एडीएम नरेश बुनकर, एसडीएम उपेंद्र कुमार शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर ने चारभुजानाथ जी के दर्शन भी किए। यह विशाल मेला हर वर्ष जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आयोजित किया जाता है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है।

## भाजपा के पूर्व विधायक सलविंदर सिंह मरवा के बयान की जूली ने की निंदा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा के पूर्व विधायक सलविंदर सिंह मरवा के देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर दिए गए बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता हिंसा का समर्थन करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देश जहां पहले ही इनके राज में नफरत की आग में जल रहा है वहीं इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के यह नेता खुले आम इस देश के नेता प्रतिपक्ष को मारने की धमकी दे रहे हैं इससे भी बड़ी बात भाजपा



नेता की संकीर्ण मानसिकता वाले इस बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुप्पी साधे हुए हैं। जूली बोले सार्वजनिक तौर पर इस तरह के बयान भाजपा के असली चेहरे को देश के सामने ला रहे हैं।उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान विपक्ष किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। जूली बोले पिछले दो दशक से राहुल गांधी को बदनाम करने के असफल प्रयास भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश में राहुल गांधी की एक कुशल राजनीतिक के रूप में उभरी छवि के बाद भाजपा हताश हो गई है इस तरह के बयान उनके नेता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 400 पार की हवा निकलने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी के नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। जूली बोले राहुल गांधी देश की जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं जबकि भाजपा देश को गुमराह करने का काम कर रही है। उल्लेखनीय की दिल्ली में राहुल गांधी के घर के बाहर भाजपा ने प्रदर्शन किया।

# महिला ने एसडीएम को बाल पकड़कर खींचा : अतिक्रमण हटाने पहुंची थीं, लोगों ने कहा- बुजुर्ग को धक्का मारा, एसएचओ लाइन हाजिर

■ संजीवनी टुडे

टोडाभीम (गंगापुरसिटी)।धर्मकांटे को हटाने गई एसडीएम को महिला ने बाल पकड़कर खींचा। लोगों का आरोप है कि एसडीएम ने बुजुर्ग को धक्का मार दिया। मामला गंगापुरसिटी के टोडाभीम में नाद गांव का 12 सितंबर को शाम 4 बजे है। इसका वीडियो भी सामने आया है। मामले में एसपी ने टोडाभीम थानाधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं इट्ठ्रक को निलंबित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी सियाराम मीना ने बताया कि दो-चार पुलिस वाले आए थे। मैं दूसरे गांव का रहने वाला हूं। मैंने यहां किराना, चाय की दुकान कर रखी थी। 27 अगस्त को पहला समन मिला, उसी दिन मैंने अपना सामान हटा लिया था। यहां धर्मकांटा भी था, उसी रात उसमें भी मिट्टी भरकर बंद कर दिया था। गुरुवार को एसडीएम सुनीता मीणा आई थीं। जिनका ये निर्माण है, उन्होंने एसडीएम से हाथ जोड़कर विनती की। इसी दौरान एसडीएम ने बुजुर्ग जगमोहन को धक्का मार दिया। इसी दौरान बुजुर्ग की बहू कल्लो ने एसडीएम को समझाया कि वे ऐसा नहीं करें,









लेकिन एसडीएम नहीं मानीं तो धक्का-मुक्की हो गई। बुजुर्ग जगमोहन के भतीजे बथू लाल मीना ने बताया- गुरुवार को पहले नायब तहसीलदार और तहसीलदार आए थे। उनके साथ 4-5 पुलिस वाले भी थे। उन्होंने हमसे पूछा कि क्या मामला है तो हमने बता दिया कि देख लिजिए खातेदारी में है। 27 अगस्त को नोटिस आते ही हमने धर्मकांटे को हटा दिया था। फिर भी एसडीएम जबरदस्ती जेसीबी ले आई। जो कमरे बन थे, उसमें हमारी महिलाएं बैठी थीं। एसडीएम उन्हें तोड़ना चाह रही थीं। हमने उनसे ऐसा नहीं करने की विनती की।

इसी दौरान एसडीएम ने चाचा के धक्का मार दिया। बथू लाल का कहना है कि प्रशासन जिसे अतिक्रमण बताकर कार्रवाई करने पहुंचा है, वह खातेदारी जमीन है। एसडीएम का हो चुका तबादला बता दें कि हाल ही में आई आरएएस की ट्रांसफर लिस्ट में सुनीता मीणा का टोडाभीम से तबादला हो गया है। उनकी जगह पूजा मीणा को टोडाभीम एसडीएम लगाया गया है। पूजा के चार्ज नहीं लेने के कारण अभी भी सुनीता मीणा यहां का पदभार संभाल रही हैं। इधर, तहसीलदार ने मामले में कोई भी बयान देने से इनकार किया है।

### इनका कहना यह है

प्रशासन गांव में अतिक्रमण हटाने गया था। इस दौरान लोगों ने विरोध किया तो आपस में कहासुनी हो गई। इस बात को तूल नहीं दिया जाए।

सुनीता मीणा एसडीएम टोडाभीम

मामले में गंगापुरसिटी एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि एसडीएम ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है। मामले में पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की गई है। टोडाभीम थानाधिकारी दिलीप वर्मा को लाइन हाजिर किया है। ड्यूटी ऑफिसर एएसआई बने सिंह गुर्जर को निलंबित कर दिया गया है। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को 17 सीसी का नोटिस दिया गया है।

सुजीत शंकर गंगापुर सिटी एसपी

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत: पत्नी को छोड़कर वापस आ रहा था घर, रामा सात महुडी के पास हुआ हादसा

■ संजीवनी टुडे

आसपुर।आसपुर थाना क्षेत्र में डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन मृतक को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार शाम की है। पुलिस ने बताया कि साबला थाना क्षेत्र पचलासा बड़ा नई बस्ती निवासी जितेंद्र सिंह (29) पुत्र दलपत सिंह जो सुबह अपने घर से निकल कर पत्नी को भबराना छोड़कर वापस घर लौट रहा था। इस दौरान आसपुर विजवा माता मुख्य सड़क पर रामा सात महुडी के पास आसपुर की तरफ से आ रहे एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। जिसके बाद पीछे से आ रहे उसके रिश्तेदार ने देखा और तत्काल उनकी कार में डालकर सीएचसी आसपुर लाए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर



दिया। पुलिस ने शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया। वहीं सूचना पर आसपुर पुलिस एवं समाज जन मौके पर पहुंचे। वहीं शुक्रवार को जितेंद्र सिंह के काका केशर सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। वहीं पुलिस ने डंपर को थाने में रखवाया है। चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जितेंद्र के 3 माह का एक बच्चा है।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

# योगी भ्रष्टाचार रोकने को सख्त कदम उठा रहे हैं, पर अफसरशाही पूरा साथ नहीं दे रही



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भ्रष्ट नौकरशाही और कामचोर पुलिस वालों पर नियंत्रण करने में संघर्ष करती नजर आ रही है जिससे कई मोर्चो पर सरकार की फजीहत हो रही है। एक तरफ सरकारी सिस्टम में खामियों के चलते जनता प्रलाप कर रही है तो दूसरी ओर प्रदेश में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष योगी सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा है। यह स्थिति तब है जबकि सीएम योगी आदित्यनाथ बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की राह पर चलते हुए बीते करीब साढ़े तीन साल में कई बड़े अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर चुके हैं। चाहे नौकरशाह हों या पुलिस वाले अथवा डॉक्टर-इंजीनियर, भ्रष्टाचार सामने आने पर सभी कार्रवाई की चपेट में आ रहे हैं। आज की तारीख में ऐसे लोगों की संख्या 800 के करीब तक पहुंच गई है। योगी सरकार द्वारा पूर्ववर्ती सरकारों के समय सत्ता के रसूख में दबा दिए गए पुराने मामलों को तो खंगाला ही गया, घोटाले में शामिल रहे लोगों की पेंशन तक रोकी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार के खिलाफ चौतरफा वार कर रहे हैं। यह अहसास तब और मजबूत हो गया जब उन्होंने भ्रष्टाचार के चलते निलंबित किए गए प्रयागराज के एसएसपी अभिषेक दीक्षित और महोबा के एसपी मणिलाल पाटीदार की संपत्ति की विजिलेंस जांच के आदेश दे दिए। दोनों अधिकारियों पर जिलों में थानेदारों की तैनाती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार कर धन उगाही के आरोप हैं। इसी प्रकार कोरोना काल में कुछ जिलों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के नाम पर ऑक्सीमीटर और इंफ्रारेड थर्मामीटर की अनाप-शनाप कीमत पर खरीददारी में भ्रष्टाचार की बू आते ही सीएम ने जांच बैठाने में देरी नहीं की। एसआईटी गठित करके दस दिन में दोषियों के बारे में रिपोर्ट देने को कहा गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को अमली जामा पहनाने हुए शाहजहांपुर में डिप्टी आरटीओ के कार्यालय में छापा मारकर चर लाख रूपए नकद बरामद किए गए साथ ही 15 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी भी की गई। राज्य सरकार विकास प्राधिकरणों में होने वाली धांधली को रोकने के लिए जल्द ही कुछ नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसमें विकास प्राधिकरणों और आवास विकास परिषद में होने वाले बड़े कामों की 'थर्ड पार्टी' से जांच की तैयारी की जा रही है।

वैसे सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के निलंबन और जांच का सिलसिला कोई नया नहीं है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में योगी सरकार अलग-अलग विभागों के 325 से ज्यादा अफसरों और कर्मचारियों को निलंबन और डिमोशन जैसे दंड दिए। इसमें ऊर्ज़ा, गृह, परिवहन, राजस्व, बेसिक शिक्षा, पंचायतीराज, पीडब्ल्यूडी, श्रम, संस्थागत वित्त, कमर्शियल टैक्स, मनोरंजन कर, ग्राम्य विकास विभाग और वन विभाग के तमाम अधिकारी शामिल हैं। इसी प्रकार कुछ दिनों पूर्व योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए सात पीपीएस अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की थी। सभी पीपीएस अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई थी। ग्राम विकास अधिकारी पद पर नियुक्ति में नियमों की अवहेलना करने वाले बदायूं, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी एवं कासगंज के जिला विकास अधिकारियों को निलंबित किया गया है। यही नहीं, 44 करोड़ की वित्तीय अनियमितता के आरोपी लोकनिर्माण विभाग के बस्ती में तैनात रहे अधिशासी अभियंता को बर्खास्त कर दिया गया है। पर्यटन विभाग, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने पर लखनऊ के पूर्व मुख्य लेखाधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया गया है। मेरठ विवि के पूर्व कुलपति, कुलसचिव के विरूद्ध अभियोग चलाने की स्वीकृति दी गई। उन पर अनियमितता की धाराओं में अभियोग चलेगा। नरेंद्र देव कृषि विवि, कुमारगंज, फैजाबाद के पूर्व कुलपति पर अभियोग दर्ज की स्वीकृति दी गई। वहीं परफार्मेंस ग्रांट मामले में भी सख्त कदम उठाते हुए योगी सरकार ने पूर्व निदेशक पंचायतीराज को पद पर रहते हुए भारत सरकार की गाइडलाइन व शासनादेशों की अनदेखी कर अपात्र ग्राम पंचायतों को परफॉर्मेंस ग्रांट प्रदान करने के प्रकरण में केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक स्तर के एक अधिकारी को अनुशासिक जांच में दोषी पाए जाने पर सेवा के मूल पर पदावनत कर दिया गया। बात उन दो निलंबित आईपीएस अधिकारियों की करें जिनकी संपत्ति की जांच विजिलेंस से कराने का आदेश योगी सरकार द्वारा दिया गया है तो, विजलेंस जांच की बात सामने आने से पुलिस महकमे में खलबली मच गई है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# लोकतंत्र के लिये खतरा है मुफ्तखोरी की राजनीतिक




गुजरात के दिसम्बर-2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव प्रचार में आम आदमी पार्टी ने 'रेवड़ी कल्चर' का सहारा लिया तो राजनीतिक हलकों में यह विषय एक बार फिर चर्चा में आ गया। इन दिनों उच्चतम न्यायालय से लेकर राजनीति क्षेत्रों में 'रेवड़ी कल्चर' को लेकर व्यापक चर्चा आम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते रहे हैं। मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब चुनाव नजदीक हों। 'फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकी जा रही है। यह तय करना कोई मुश्किल काम नहीं है कि कौनसी कल्याणकारी योजना है और कौनसी मुफ्तखोरी यानी 'रेवड़ी कल्चर' की, परंतु राजनीतिक मजबूरी इसे चुनौतीपूर्ण बना देती है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये यह मुक्त संस्कृति एक अभिशाप बनती जा रही है।

मुफ्त 'रेवड़ी' व कल्याणकारी योजनाओं में संतुलन कायम करना आवश्यक है, परंतु वोट खिसकने के डर से राजनीतिक दल इस बारे में मौन धारण किये रहते हैं, बल्कि न चाहते हुए भी इसे प्रोत्साहन भी देते हैं। फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने एवं राजनीतिक धरातल मजबूत करने का हथियार हैं। मुफ्त उपहार के मामले में कोई भी देश पीछे नहीं है। ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, मलेशिया, कनाडा, अंगोला, कीनिया, कांगो, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देश इस दौड़ में शामिल हैं। विकसित देश जहां अपनी जीडीपी का 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक लोककल्याण योजनाओं में खर्च करते हैं, तो विकासशील देश जीडीपी का 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक फ्रीबीज के नाम पर खर्च कर देते हैं। भारत में अब जब उच्चतम न्यायालय में यह मुद्दा विचाराधीन है, तो संभावना है कि सरकार पर अनावश्यक आर्थिक भार डालने वाली घोषणाओं पर नियंत्रण को लेकर कोई राह भारत ही दुनिया को दिखाए।

भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों अपने चुनावी एवं गैर-चुनावी संबोधनों में मुफ्त संस्कृति को लेकर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा था कि यह आधारभूत संरचना के विकास में अवरोध है। इसे 'शॉर्टकट' बताकर इसके खतरे से आगाह किया और मुफ्त संस्कृति पर बहस को आगे बढ़ाया। इस बीच उच्चतम न्यायालय में इस सम्बंध में जो जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं, उनकी सुनवाई करते हुए तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना ने तीन जजों की पीठ को यह मामला सौंपते हुए कहा था कि, 'इस तरह से फ्रीबीज बांटना सरकार के लिए ऐसी परिस्थिति खड़ी कर सकता है कि जहां सरकारी खजाना खाली होने की वजह से जनता को आम सुविधाओं से वंचित होना पड़े। चुनाव के समय और सरकार में आने के बाद गरीब कल्याण के नाम पर रेवड़ी बांटने का काम सरकार और राजनीतिक दल अपनी सुविधा के अनुसार करते हैं। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री गरीब कल्याण के नाम पर सरकारें अपनी योजनाओं को ढिंढोरा पीटती है। मुफ्त अनाज, मुफ्त मकान, मुफ्त बिजली जैसी रेवड़ी कल्चर की योजना इसी का एक अनिवार्य हिस्सा है। गरीब कल्याण की भावना के साथ काम करने वाली सरकार गरीब और जरूरतमंदों को सब्सिडी के साथ अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराती है इसमें सरकारी अस्पताल में सस्ता इलाज, स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और मिडडे मील के साथ अन्य कई सुविधाएं शामिल हैं।

### विचार बिन्दु

**जरूरत मुक्त की संस्कृति को नियंत्रित करने की है। राजनैतिक लाभ की रोटियां सेंकने वाले राजनीतिक दल अगर बेहतर प्रभावी आर्थिक नीतियां बनाए और उसे लाभार्थियों तक सही तरीके से पहुंचाए तो इस प्रकार की मुफ्त घोषणाओं की जरूरत नहीं रहेगी। चुनाव के समय सियासी पार्टियों को अपने घोषणा पत्र में उन आर्थिक नीतियों या विकास मॉडलों को विस्तार से बताना चाहिए जिसको वह अपनाने की योजना बना रही हैं। उन्हें जनता के सामने उन नीतियों को स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए और प्रभवी ढंग से लागू किया जाना चाहिए।**




ललित गर्ग

आर्थिक अर्थों में मुफ्त के प्रभावों को समझने और इसे करदाताओं के पैसे से जोड़ने की जरूरत है। सब्सिडी और मुफ्त में अंतर करना भी आवश्यक है क्योंकि सब्सिडी जरूरतमंदों को मिलने वाले उचित और एक वर्ग विशेष को दिए जाने वाला लाभ है, जबकि मुफ्तखोरी काफी अलग है यह आम वोटरों को लुभाने का जरिया है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि यह पैसा करदाताओं का है, जिसका उपयोग पार्टियां अपने निजी प्रचार और वोटों की राजनीति के लिए कर रही हैं। इससे पहले भी दो जजों की पीठ ने सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु में इस मुद्दे पर बहस सुनी थी, लेकिन वहां न्यायालय ने फ्रीबीज या मुफ्त उपहार बांटने को गलत नहीं माना था।

रेवड़ी संस्कृति यानी सरकारी खजाने से भारी-भरकम चुनावी वादों की पूर्ति। कुछ लोग इसे जनता को मुफ्तखोरी की लत लगाने का नाम देते हैं। सार्वजनिक विमर्श में इसे फ्रीबीज या कहें कि मुफ्त उपहार की पेशकश कहा जाता है। हाल में फ्रीबीज की बहस ने खासा जोर पकड़ा है, लेकिन यह पटरी से उतरती प्रतीत हो रही है। गैर-भाजपा शासित राज्यों की सरकारों ने इस मामले में केंद्र को आड़े हाथों लिया है कि उन्हें अपनी जनता के लिए बेहतर कल्याणकारी योजनाएं मुहैया कराने की राह में अवरोध उत्पन्न करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुफ्त की संस्कृति के पक्ष में बोलने का सीधा अर्थ है आम मतदाताओं को अपने पक्ष में करना। इस मायने में भाजपा ने एक बड़ा रिस्क लिया है। केजरीवाल आम जनता की इस कमजोरी का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। यह तो बेतरतीब तरीके से खर्च करने की दिल्ली की अनूठी क्षमताओं से जुड़ा मामला है। यह स्थिति शेष राज्यों के लिए एक गलत नजीर पेश करती है, जो इस प्रकार की दरियादिली दिखाना गवारा नहीं कर सकते।

सीधे शब्दों में कहें तो तमाम मुफ्त पेशकशों को लेकर अधिकांश राज्यों की अपनी एक स्वाभाविक सीमा है। वहीं दिल्ली इस मामले में अपवाद है। इस प्रकार देखें तो फ्रीबीज समस्या दिल्ली-जनित है, जो केजरीवाल की राष्ट्रीय आकांक्षाओं को देखते हुए उन राज्यों तक फैल सकती है, जो दिल्ली की इस प्रकार की अस्वाभाविक रियायतों का बोझ नहीं उठा सकते। इस साल के अंत में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनावों से केजरीवाल बड़ी उम्मीद लगाए हुए हैं। राज्य में उन्होंने किसान कर्जमाफी, मुफ्त बिजली, महिलाओं और सरपंचों को मासिक भत्ते जैसे कई बड़े वादे किए हैं। कुछ समय के लिए भले ही गुजरात इनका बोझ वहन कर ले, लेकिन इनसे उसके सरकारी खजाने की हालत पतली होना तय है। दिल्ली राजस्व अधिशेष वाला राज्य है, क्योंकि उसके तमाम बिलों का भुगतान केंद्र सरकार करती है और केजरीवाल राज्य के समृद्ध खजाने से भारी रकम अपने प्रचार पर खर्च कर देते हैं। सूचना के अधिकार के अंतर्गत मिली जानकारी के अनुसार प्रचार पर दिल्ली सरकार के खर्च में अप्रत्याशित-अतिश्योक्तिपूर्ण वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 में केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने से ठीक पहले 2012-13 तक दिल्ली सरकार ने विज्ञापनों पर 12 करोड़ रुपये से कम खर्च किया, जबकि 2021-22 में केजरीवाल ने अर्द्ध-राज्य के प्रचार पर 488 करोड़ रुपये से अधिक व्यय कर दिए। अपनी राष्ट्रीय आकांक्षाओं एवं सत्ता की लालसा को परवान चढ़ाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अमीर अर्द्धराज्य के खजाने का इस्तेमाल कर रहे हैं। उसे दिल्ली मॉडल के रूप में प्रचारित कर रहे हैं, जबकि उसे न तो कर्ज के बोझ तले कराहते पंजाब और न ही उससे बेहतर स्थिति वाले उस गुजरात तक कहीं भी दोहराना संभव नहीं, जहां केजरीवाल कांग्रेस की कीमत पर उभरना चाहते हैं, जो पार्टी पिछले तीन दशकों से अधिक से इस राज्य में भाजपा के किले को हिला तक नहीं पाई है।

# बड़ी रोचक है राजस्थान के सास-बहू मंदिर की कहानी, सुनकर हैरान रह जाएंगे



सास-बहू मंदिर को दो संरचनाओं में बनाया गया है। उनमें से एक सास द्वारा और एक बहू के द्वारा बनाया गया है। मंदिर के प्रवेश द्वार नक्काशीदार छत और बीच में कई खाँचों वाली मेहराब हैं। एक वेदी, एक मंडप (स्तंभ प्रार्थना हॉल), और एक पोर्च मंदिर के दोनों संरचनाओं की सामान्य विशेषताएं हैं।

भारत एक ऐसा देश है जहां पर हर जाति, वर्ग, संप्रदाय और हर संस्कृति के लोग मिलते हैं। इसी लिए हर देवी-देवता के पूजा स्थल भी आपको यहां देखने को मिलेंगे। नदी, पानी, आकाश, पेड़, झरना, धरती, सूरज, चंद्रमा हर चीज की पूजा की जाती है। इसी कारण भारत में हर भगवान के मंदिर हैं। उन्हीं मंदिरों में से एक है राजस्थान के उदयपुर से 23 किमी दूर नागदा गांव में स्थित सास-बहू मंदिर। जो भगवान विष्णु को समर्पित है।

मंदिर की सास- बहू के रूप में संरचना

इस पूरे मंदिर को दो संरचनाओं में बनाया गया है। उनमें से एक सास द्वारा और एक बहू के द्वारा बनाया गया है। मंदिर के प्रवेश द्वार नक्काशीदार छत और बीच में कई खाँचों वाली मेहराब हैं। एक वेदी, एक मंडप (स्तंभ प्रार्थना हॉल), और एक पोर्च मंदिर के दोनों संरचनाओं की सामान्य विशेषताएं हैं।10 वी शताब्दी के कच्छवाहा वंश के राजा महिपाल के द्वारा बनवाये गये इस मंदिर को सहस्त्रबाहू के नाम से जाना जाता है। सहस्त्रबाहू का मतलब होता है हजार भुजाओं वाला। यहा भगवान विष्णु की आराधना की जाती है। सहस्त्रबाहू नाम का लोग सही से उच्चारण नहीं कर पाते थे इस लिए धीरे-धीरे इस मंदिर का नाम सास-बहू मंदिर पड़ गया।

### मुगलों ने बंद करवाया अंग्रेजों ने खुलवाया

इस मंदिर के इतिहास की बात की जाए तो कहा इतिहासकारों का मानना है कि भारत में मुगल आये थे तो मुगलों ने सास-बहू मंदिर को चूने और रेत से ढकवा दिया था और पूरे मंदिर के परिसर पर अपना राज जमा लिया था।

मंदिर के अंदर विष्णु भगवान के अलावा शिवा सहित कई पूजनीय भगवान की मूर्तियां थी जिसे मुगलों ने खंडित कर दिया था। जिसके बाद से इस मंदिर का आकार रेत के पहाड़ की तरह लगने लगा। मुगलों के बाद भारत में अंग्रेज आये और पूरे देश पर कब्जा कर दिया तब इस मंदिर को वापस खुलवाया गया आम लोगों के लिए।




## 14 सितम्बर की महत्वपूर्ण घटनाएँ

1770 डेनमार्क में प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
1833 विलियम वेंटिक, भारत में पहला गवर्नर जनरल बनकर आया।
1901 अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई।
1917 रूस आधिकारिक तौर पर एक गणतंत्र घोषित हुआ।
1959 लूना- 2 चंद्रमा की सतह पर उतरा। यह चंद्रमा की सतह तक पहुँचने वाली मानव निर्मित पहली वस्तु थी। इसने सोवियत संघ और अमेरिका में अंतरिक्ष स्पर्धा की शुरुआत की।
1960 खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना की।
1999 किरीबाती, नाउरू और टोंगा संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
2000 माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज एम.ई. की लांचिंग की।
2000 प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की सुयंक्त बैठक को सम्बोधित किया, ओलम्पिक मशाल सिडनी पहुँची।
2003 गुयाना-बिसाउ में सेना ने राष्ट्रपति कुंबा माला सरकार का तख्ता पलटा।
2003 एस्टोनिया यूरोपीय संघ में शामिल हुआ।
2006 परमाणु ऊर्ज़ा में सहयोग बढ़ाने पर इब्सा में सहमति। तिब्बत के आध्यात्मिक निर्वासित नेता दलाई लामा को संयुक्त राज्य अमरीका के सर्वोच्च न्यायालय सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा।

# गौरव एवं स्वाभिमान की भाषा हिंदी

### विचार बिन्दु



संजीव ठाकुर

**हिंदी को राष्ट्रभाषा बना कर इसका अनिवार्य रूप से उपयोग शासकीय कार्यालयों तथा जनसभाओं में किया जाना चाहिए।**

देश की स्वतंत्रता के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिंदी भाषा को अभी तक राष्ट्रभाषा का दर्ज़ा नहीं दिया गया है। पर यह सत्य है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा होने का स्वमेव गौरव प्राप्त है वैश्विक स्तर पर हिंदी का परिचय लहरा रहा है और हिंदी को किसी मान्यता प्राप्त होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है किंतु औपचारिक रूप से सरकार को चाहिए हिंदी को राष्ट्रभाषा का उसका अपना गौरव प्रदान करें। राष्ट्रभाषा बनने के साथ-साथ इतनी समृद्ध शाली, ऐतिहासिक हिंदी भाषा को कम से कम देश के हर प्रांत को एकता के सूत्र में बांधने वाली जन भाषा होनी ही चाहिए। अलग-अलग प्रदेशों कि स्थानीय मूल बोलियों, भाषाओं का हम कतई विरोध नहीं करते पर हिंदी को भारत में कम से कम सर्वोच्च सम्मान देकर राष्ट्रभाषा होने का गौरव हासिल होना ही चाहिए साथ ही स्थानीय भाषाओं से ऊपर हिंदी को जन भाषा का यथोचित सम्मान प्राप्त होना हो।

यह अलग बात है कि भारत देश में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती है और स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने 22 भाषाओं को संवैधानिक रूप से मान्यता प्रदान की है, पर हमारी हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली तथा लिखी जाने वाली भाषा है। देश में हिंदी बोलने तथा पढ़ने वालों की संख्या लगभग 65 से 70 करोड़ है, यह भाषा की बहुलता ,विविधता ही है जिसके कारण भाषाई विवाद की स्थिति उभरी है, और सर्वाधिक नुकसान हिंदी को उठाना पड़ा है। वर्ष 2008 में विश्व हिंदी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में भारतीय साहित्यकारों, कवियों को चिंतकों ,प्रोफ़ेसर, चिंतकों, पत्रकारों ने बड़े जोर शोर से संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने हेतु मान्यता देने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। कोशिश तो हमेशा ही की जानी चाहिए और यह बड़ी ही सार्थक पहल भी थी, पर इसके पूर्व भारत के हिंदी साहित्य के विद्वानों को हिंदी को पहले अपने देश में राष्ट्रभाषा का दर्ज़ा दिलवाने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने भी कहा है,

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति के मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के मिटत ना हिय को शूल।

देश में भाषाई विविधता के कारण हिंदी को सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ा है ।इसके अलावा कुछ स्वार्थी राजनीतिक के लोग नहीं चाहते कि हिंदी को सर्वोच्च सम्मान मिले और इसके लिए विभिन्न प्रकार के विरोध एवं आंदोलन भी करते रहे हैं, इसके अलावा लोगों को उकसा कर जन आंदोलन का रूप भी देने का प्रयास करते रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में यह महसूस किया था कि हिंदी दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों की संपर्क भाषा थी। देश के विभिन्न भाषा भाषी लोग हिंदी भाषा में ही संपर्क कर के अपने संदेश तथा सूचना एक दूसरों को प्रदान किया करते थे,और हिंदी भाषा के संपर्क सूत्रों के चलते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अथक मेहनत कर हिंदी की सहायता से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हिंदी की सार्वभौमिक स्थिति एवं बड़े समुदाय द्वारा बोले जाने वाली भाषा के रूप में स्थापित होने के बाद इसे राजभाषा का दर्ज़ा देने का निर्णय लिया गया था। हिंदी एक व्यापक भाषा है जिस की लिपि देवनागरी होने के कारण अत्यंत सरल एवं आवश्यकता अनुसार दूसरी भाषाओं को और उनके शब्दों को बड़ी सुगमता से आत्मसात करने की क्षमता तथा विशालता है। हिंदी देशवासियों की भावनात्मक भाषा भी है इसका देश की एकता तथा अखंडता में एक का बड़ा योगदान रहा है। हिंदी एक बड़ी सक्षम तथा विशाल भाषा का दर्ज़ा भी रखती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिस जिस ने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया। 14 सितंबर 1949 को संविधान की सभा ने एकमत से हिंदी को भारत की राजभाषा बनाए जाने का निर्णय भी लिया इसीलिए भारत में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। हिंदी दिवस मनाए जाने का एकमात्र उद्देश्य इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं राजकीय प्रयोजनों में इसके ज्यादा से ज्यादा उपयोग को बढ़ावा देने का है। केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में देखा गया है कि वहां पर स्लोगन दीवारों पर लिखे गए हैं कि हिंदी का उपयोग लिखने एवं पढ़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा करें। विडंबना यह है कि भारत में ही हिंदी के प्रचार-प्रसार की हमें आवश्यकता पड़ रही है। यद्यपि ऐसा होना नहीं चाहिए।

# कम हो तनाव तो केश रहे लाजवाब


**चिंता चिता के समान होता है, जितनी जल्दी जला दें अच्छा है। यहां तो चिंताओं के बीच ही लोग जीवन-यापन के तौर-तरीके सीखते हैं। किसी की जेब में पैसे नहीं है तो किसी को नौकरी की चिंता सता रही है। इसी चिंता की चिता में नौजवानों के बाल जल रहे हैं। केशों का टूटना या यों कहें कि गंजापन की अंधी दौर चल पड़ी है। जिसमें बहुत कम ही लोग सुरक्षित हैं। ऐसे में भी डॉक्टर मानते हैं कि बाल गिरना एक चिकित्सकीय बीमारी है, जिसका निदान संभव है। हेयर ट्रांसप्लांट व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित शर्मा कहते हैं कि बाल कम होने के अनेकों कारण है। पैसों की कमी के बीच भी जीवन तनाव मुक्त जीया जा सकता है। खानपान का भी केश पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर मानते हैं कि शुरू से ही कुछ चीजों का खयाल रखें तो गंजेपन की समस्या से बचा जा सकता है। बाल गिरने की रोकथाम करने और उपचार के लिए एक कारगर व सुरक्षित विकल्प के लिए डॉक्टर की सला ले सकते हैं।**

## रुसी या सिकरी है झड़ने का मूल कारण

सर की त्वचा में कुपोषण या रूखेपन के कारण जड़ों की त्वचा सूख कर झड़ने लगती है। जिसे सामान्य भाषा में रुसी या सिकरी कहा जाता है। रुसी होने पर बाल झाड़ने शुरू हो सकते हैं।

## सिर को साफ रखें

फंगल संक्रमणों से बचने के लिए अपने सिर को साफ रखें। अपने बालों को नियमित रूप से धोने, गंदगी को साफ करने और ज्यादा तेल की वजह से सिर की त्वचा के बंद हो जाने वाले छिद्रों को खोलने के लिए किसी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें। आप अपने बालों को मुलायम बनाने और उलझने से रोकने के लिए किसी सौम्य कंडीशनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सौम्य और प्राकृतिक हेयरस्टाइल तकनीकों का चुनाव करें।




## रुसी या सिकरी का उपचार

**बाल धोने के आधा घटे पूर्व एक-दो नीबू काटकर बालों में मल लें तथा हल्के गरम पानी से सर धो लें। इससे रुसी का सफाया हो जाता है। दो किलो पानी में नींबू रस निचोड़कर एक सप्ताह तक प्रतिदिन अच्छी प्रकार से केश धोएं। नारियल के तेल में तेल से आधा कपूर, नीबू का रस मिलाकर जड़ों में हलकी मालिश करें और रोज मोटे दात वाले कंघे से हल्के हाथों से मालिश करें। बालों को साबुन से न धोकर रीठा से धोएं।**



## बाल कम होने के कारण



चिंता, लंबी बीमारी या शैल्यक्रिया के कारण तनाव होना। प्रोटीन, आयरन, जिंक या बायोटिन जैसे आवश्यक पोषक पदार्थो की कमी होना। लिहाजा पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थो को तरजीह दें। यौन हार्मोनों के स्तर में अचानक बदलाव आना, मसलन महिलाओं में डिलीवरी के बाद। सिर में फंगल संक्रमण होना। हेयरड्रेसिंग (केश सज्जा) तकनीकों का इस्तेमाल करना, जैसे – कसकर गूंथना, मोड़ना या बालों को अत्यधिक तापमान में रखना। ब्लीचिंग, कलरिंग और परमिंग, जैसे – प्रबल रसायनों के इस्तेमाल से बालों का उपचार करना। ये बालों की जड़ों को कमजोर करते हैं और इसके कारण बाल टूटते और झड़ते हैं। एंटीबायोटिक्स, बीटा ब्लॉकर्स और कॉर्टीसोंस जैसी औषधियां लेना। कीमोथेरेपी बालों की कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।

## बालों का खयाल रखने के नुस्खे

हेलमेट, कंघियों, हेयरब्रशों और टोपियों को दूसरे लोगों के साथ साझा न करें। बाल गीले हों तो इन पर ब्रश या कंघी न करें। या बहुत कसकर ब्रश नहीं करें। चिंता, अवसाद और अत्यधिक उलेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्यवर्द्धक और संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, नारियल, सोया, मछली, अंडे, लीवर और बादाम तथा अखरोट जैसी गिरियां आपके बालों को अच्छा पोषण प्रदान कर सकती है।

## हैप्पी रहने के 9 मंत्र

- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं।
- एक कहावत है कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में कई घंटे बीत जाते हैं। इसलिए दूसरों को हंसने का अवसर अवश्य प्रदान करें।
- सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन दिखाई देने वाले काम आसानी से संपन्न हो जाते हैं। यदि आप अपने मन में सकारात्मक भाव जाग्रत करेंगी तो आपका हर काम आसानी से पूरा हो जाएगा।
- अपनी छोटी-बड़ी हर उपलब्धि का जश्न मनाएं। कभी भी इस इंतजार में छोटी उपलब्धि को दरकिनार न करें कि जब बड़ी उपलब्धि हासिल होगी तो जश्न मनाएंगी।
- तन की सुंदरता के बजाय मन की सुंदरता को महत्व दें। तन की सुंदरता तो कुछ वर्षो की मेहमान है, जबकि मन की सुंदरता तो हमेशा साथ रहेगी।
- अपने आसपास के लोगों पर विश्वास करें। यदि आप हरेक को शंकालु दृष्टि से देखेंगी तो जिंदगी का आनंद उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- कौन कैसा है इस बात पर ज्यादा दिमाग न लगाएं। इसके बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि आप अपने को और अच्छा कैसे बना सकती हैं।
- जो बात दिल में हो उसे कहने में संकोच न करें। कई बार हम अपने दिल की बात जुबां पर नहीं ला पाते और हमें बाद में पछताना पड़ता है।
- बिस्तर पर जाने से पहले सारी चिंताओं को अलग कर दें और बेफ्रिक होकर लेटें।

# त्वचा कहे नो चिपचिप

**तैलीय और चिपचिपी त्वचा चेहरे के आकर्षण को कम कर देती है, लेकिन ऐसी त्वचा की अगर सही देखभाल की जाए तो वह निखर उठेगी। इसके लिए आप यहां दिए कुदरती उपायों को अपनाएं। त्वचा का तैलीय होना सिबेशियस ग्लैंड्स के अत्यधिक सक्रिय होने का नतीजा होता है। त्वचा की कोमलता बरकरार रखने के लिए प्राकृतिक तेल जरूरी है, पर जब तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल का सिक्रीशन करती हैं तो एक्ने और मुंहासों की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा के छिद्र भी बंद हो जाते हैं। अगर आप भी तैलीय त्वचा से परेशान हैं तो यहां दिए गए कुदरती उपायों को अपनाएं और पाएं साफ-सुथरी व निखरी त्वचा।**

## 6 टिप्स हैल्दी त्वचा के लिए

- सेब को छीलकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद हलके गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। सेब एएचए का बेहतरीन स्रोत होता है, जो त्वचा को टोन करता है। उसे मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- एक टी स्पून चंदन पाउडर में गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर उसे चेहरे पर लगाएं। सूखने पर पानी से धो लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और एक्ने भी दूर होंगे।
- 1 टी स्पून बेसन में चुटकी भर हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अगर आपको नीबू सूट नहीं करता है तो उसकी जगह पर दही मिला सकती हैं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलते हुए छुड़ाएं। यह त्वचा का कालापन दूर करता है। हल्दी त्वचा की चमक बरकरार रखती है।
- तैलीय त्वचा को भी मॉयस्चराइजर की जरूरत होती है और इसके लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। शहद एक बेहतरीन कुदरती मॉयस्चराइजर होता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं। फिर धो लें। यह त्वचा की जलन, मुंहासे और कालेपन को दूर करता है। साथ ही उसे कांतिमय और लचीली बनाता है।
- 1 टेबल स्पून चावल के आटे में 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर भीतर से बाहर की तरफगोलोई में हाथ घुमाते हुए कुछ देर मसाज करें। चावल का आटा डेड सेल्स हटाता है। त्वचा के छिद्र भी खोलता है, ताकि साफऑक्सीजन त्वचा के भीतर जा सके।
- 1 टेबल स्पून मुलतानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, 1 टेबल स्पून ओट्स पाउडर, 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

## खीरे से बना फेस पैक फायदेमंद



यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो खीरे का फेस पैक आपके लिए बहुत अच्छा एक अच्छा फेस पैक है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए एक खीरे में एक अंडे की सफेदी, 1 चम्मच नींबू का रस और पुदीने की 5-6 पत्तियों को मिलाकर पीस लें। अब इसे 10 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएँ और कुछ देर बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।

# चंदन एक फायदे अनेक



कीलमुंहासों के ठीक होने के बाद चेहरे पर किसी प्रकार के दागधब्बों को भी चंदन के लेप से साफ़ किया जा सकता है। चंदन का लेप केवल कीलमुंहासों को, ठीक नहीं करता बल्कि त्वचा को साफ़ कर नमी भी प्रदान करता है। 1 चम्मच चंदन पाउडर में आधा चम्मच पाउडर मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर 20 मिनट लगाए रखने से केवल कीलमुंहासे कम नहीं हो, आप का चेहरा भी खिलाखिला प्रतीत होता है। बराबर मात्रा में चंदन पाउडर हलदी पाउडर मिला कर थोड़े दूध के साथ पेस्ट बनाएं, इस में चुटकी भर कपूर भी मिलाएं। इस लेप की चेहरे पर मालिश कर रात भर लगा रहने दें। इस से आप को ठंडक के एहसास के साथसाथ चेहरे के दागधब्बे दूर होने का फायदा भी मिलेगा।

## साइड इफैक्ट नहीं

चंदन का प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है। खासकर आयुर्वेद में चंदन का प्रयोग खूब किया गया है। किसी प्रकार का घाव, फोड़ेफुंसी, कटनाछिलना आदिसभी पर चंदन के लेप से आराम मिलता है। यह एक कीमती पेड़ है, जो दक्षिण भारत में ज्यादातर पाया जाता है। चंदन का उबटन शादी से पहले नववधू लगाती है ताकि उस के चेहरे और काया की चमक बनी रहे। यह एक प्राकृतिक पदार्थ है, इसलिए इस के नियमित प्रयोग से किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता।

## इस की खूबियाँ

चंदन में कीटाणुनाशक विशेषता होने की वजह से यह हर्बल एंटीसेप्टिक है, इसलिए किसी भी प्रकार के छोटे घाव और खरोंच को ठीक करता है। यह जलने से हुए घाव को भी ठीक कर सकता है।

शरीर के किसी भाग पर खुजली होने पर चंदन पाउडर में हल्दी और एक चम्मच नीबू का रस मिला कर लगाने से खुजली तो दूर होगी ही, साथ में त्वचा की लालिमा भी कम होगी। चंदन का तेल सूखी त्वचा के लिए गुणकारी होता है। यह सूखी त्वचा को नमी प्रदान करता है।



# मुल्तानी मिट्टी जरूर इस्तेमाल करें



अगर आप महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट, शैम्पू, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करते हुए थक चुकी हैं, फिर भी आपको कोई फ़ायदा नहीं हुआ है तो एक बार मुल्तानी मिट्टी ज़रूर इस्तेमाल करके देखें। जानी-मानी सौन्दर्य विशेषज्ञ भारती तनेजा का कहना है कि मुल्तानी मिट्टी सौन्दर्य का ख़ज़ाना है। ये नेचुरल कंडीशनर भी है और ब्लीच भी। ये सौन्दर्य निखारने का सबसे सस्ता और आयुर्वेदिक नुस्खा है। साथ-ही मुल्तानी मिट्टी सभी फेस पैक का बेस होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने से रंगत निखरती है और बालों में लगाने से वे घने, मुलायम और काले हो जाते हैं। मुहांसों की समस्या से परेशान लोगों के लिए तो मुल्तानी मिट्टी सबसे कारगर इलाज है, क्योंकि मुल्तानी मिट्टी चेहरे का तेल सोख लेती है, जिससे मुहांसे सूख जाते हैं। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में दही और पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिला कर उसे आधे घंटे तक रखा रहने दें, फिर अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर हल्के गर्म पानी से धो दें। ये तैलीय त्वचा को चिकनाई रहित रखने का कारगर नुस्खा है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में एक अंडे का सफेद भाग और पुदीने की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। ये पैक हफ्ते में तीन बार लगाएं।

# पथरी से सावधान




पेशाब की पथरी पेशाब में उपस्थित लवणों व खनिजों के जमाव से बनते हैं। ये आमतौर पर मध्य आयु यानि की चालीस साल या उसके बाद पता लगने शुरू होते है। जब लवणों और खनिजों की परतें विभिन्न जगहों पर जमा होती जाती हैं तो इन पत्थरों का आकार बढ़ता जाता है। ये पत्थर आमतौर पर कैल्शियम के फास्फेट और ऑक्जेलेट होते हैं। ये सभी लवण और खनिज खाने की चीजो व पानी से शरीर में आए होते है। कुछ सब्ज़ियाँ जैसे पालक, अरबी के पत्ते और टमाटरों में बहुत अधिक लवण होते हैं। जमीनी पानी में भी काफी सारे लवण होते हैं। कुएँ या बोरवेल का पानी यह भी पथरी बनने का कारण होता है। ये लवण धीरे-धीरे करके शरीर में जमा हो जाते हैं और पत्थर बना लेते हैं। पेशाब के पत्थर आकृति और आकार में अलग-अलग होते हैं। आमतौर पर ये उसी जगह का आकार ले लेते हैं जिसमें ये बनते हैं। इसलिए मूत्रवाहिनी के पत्थर लम्बे होते हैं और मूत्राशय में बने पत्थर गोल होते हैं। गुर्दे में बने पत्थर या तो कीप के आकार के होते हैं या अनियमित आकार के जैसे कि हिरण के सींग। फोस्फेट और कॉर्बोनेट के पत्थरों की सतह मुलायम होती है और ऑक्सेलेट के पत्थरों की खुरदुरी। इस कारण से ऑक्सेलेट के पत्थरों के कारण खून भी निकल सकता है। कुपोषित बच्चों के मूत्राशय में कभी कभी बड़े-बड़े पत्थर बन जाते हैं। ये कुपोषण के कारण शरीर के प्रोटीन के टूट जाने के कारण बनते है। जिसमें पेशाब में फालतू पदार्थ का जमाव हो जाता है। ये कण लवणों के और जमाव के लिए केन्द्रक के रूप में काम करते हैं। पत्थर नींबू समान बड़े भी हो सकते हैं।

## गुर्दे की कीप में पत्थर


गुर्दे की कीप में पत्थर कई सालों तक महसूस हुए बिना शरीर में पड़े रह सकते हैं। अक्सर उस व्यक्ति को पता लगने से कही पहले गुर्दे खराब हो चुके होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह बीमारी काफी धीमी होती है और एक गुर्दे के खराब होने पर दूसरा उसका काम चला लेता है। कुछ मामलों में थोड़ी सी बेआरामी हो सकती है। यह गुर्दे के क्षेत्र तक ही सीमित होती है। और यह हल्का दर्द पीठ के तरफ ज़्यादा महसूस होता है। कभी-कभी कीप के क्षेत्र में पेशाब के इकट्ठे हो जाने के कारण गुर्दे सूज भी जाते हैं। कभी-कभी ऐसा बड़ा गुर्दा एक गांठ जैसे की हाथ से ही महसूस हो जाता है। कभी-कभी यह समस्या गुर्दे में संक्रमण के रूप में सामने आती है। कभी-कभी गुर्दे की पेशियाँ पत्थर को कीप से नीचे मूत्रवाहिनी की और धकेलती है। ऐसे में एक खास तरह का तेज पेट दर्द नीचे की ओर जाता हुए महसूस होता है। यह दर्द लहरों के रूप में उठता है।

## दर्द

मूत्रवाहिनी शूल (दर्द) एक खास तरह का दर्द है जो इस तरह की पथरी से होता है। दर्द पेट में मूत्रतंत्र तक सीमित होता है। यह पेट की मध्यरेषा के दायें या बाएँ ओर होता है। रोगी दर्द से कराहता है। वो या तो उस क्षेत्र को दबाकर या फिर एक तरफ को लेटकर दर्द को दबाने की कोशिश करता है। दर्द मूत्रमार्ग की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूत्रनलिका और मूत्रवाहिनी की तंत्रिकाओं की जुड़ी समान होती हैं।

## मूत्राशय में पथरी

पेशाब करना थोडा मुश्किल होता है। ये पत्थर मुख्यत: मूत्रवाहिनी से आते है। कभी-कभी सीधे मूत्राशय में भी पत्थर बन सकता है। कुपोषित बच्चों में ऐसा होता है। इसके लक्षणों में मुख्यत: मूत्राशय शोथ या पेशाब अटकना शामिल है। मूत्राशय शोथ में खास तरह की जलन, और ऐठन वाला दर्द, बुखार, पेशाब में गन्दलापन और बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। मूत्राशय में हुए पत्थरों से कुछ रोगियों के पेशाब में रक्त स्त्राव दिखाई देता है। मूत्राशय के पत्थरों के कारण पेशाब रूकने की एक खास विशेषता है रोगी की स्थिति से इसका सम्बन्ध। जब रोगी खड़ा होता है या पेशाब करने के लिए बैठा होता है उस समय ये पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह पर गेंद की तरह पड़ा रहता है रोगी जितना ज़्यादा जोर लगाता है उतना ही ज़्यादा रोक लगती है। परन्तु अगर रोगी लेटे लेटे पीठ के बल या करवट से पेशाब करने की कोशिश करे तो पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह से लुढ़क जाता है। इससे पेशाब बाहर निकल सकती है। कभी-कभी छोटे पत्थर या कंकड़ बड़े पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े मूत्रमार्ग में से निकल जाते हैं।



# ट्विंकल संग शादी के बारे में कभी नहीं सोचा था

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार ने अपने अब तक के करियर में तमाम हिट फिल्में दी हैं। हालांकि, पिछले कुछ सालों से एक्टर अपनी प्रोफेशनल लाइफ में काफी चुनौतियों का सामना कर रहे है बावजूद इसके वे फैंस के दिलों पर राज करते हैं। वहीं अक्षय अपनी पर्सनल लाइफ में काफी खुश हैं। उन्होंने एक्ट्रेस टर्न राइटर ट्विंकल खन्ना से शादी की है और इनकी मैरिड लाइफ को 23 साल हो गए हैं। शादी के इतने साल बाद भी अक्षय और ट्विंकल अक्सर रोमांस करते हुए कपल गोल सेट करते नजर आते हैं। हालांकि, अक्षय ने कभी नहीं सोचा था कि वह भारतीय सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना की बेटी ट्विंकल खन्ना से शादी करेंगे।

लाइफ Style

# कंगना



## शूटिंग के बीच सैफ अली खान पर भड़की थीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर सैफ अली खान अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच हम आपके लिए एक्टर का वो किस्सा लेकर आए हैं। जब कंगना रनौत ने उन्हें भरे सेट पर डांट दिया था। दरअसल सैफ अली खान और कंगना रनौत एक साथ फिल्म 'रंगून' में काम किया था। जो साल 2017 में रिलीज हुई थी।

इस फिल्म में सैफ और कंगना के साथ शाहिद कपूर भी नजर आए थे। हालांकि, तीन बड़े स्टार होने के बावजूद भी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पिटी थी। लेकिन इसके सेट पर कुछ सैफ और कंगना के बीच कुछ ऐसा हुआ था। जो आज भी याद किया जाता है। दरअसल जब दोनों एक सीरियर सीन की शूटिंग कर रहे थे तो सैफ काफी फनी फेस बना रहे थे। जिसे देख कंगना अपना आपा खो बैठी और सैफ पर भड़क उठी। कंगना ने सैफ पर गुस्सा करते हुए कहा कि, 'ये क्या है सैफ, हम एक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, इसे जरा सीरियली लीजिए। मजाक मत कीजिए, ये जरूरी सीन है।'

खबरों के अनुसार कंगना और सैफ के बीच विवाद ना बढ़े, इसलिए डायरेक्टर विशाल भारद्वाज ने आकर बीच-बचाव किया। साथ ही कंगना को समझाया कि सैफ सिर्फ मजाक कर रहे थे। बता दें कि कंगना रनौत इन दिनों अपनी फिल्म 'इमरजेंसी'को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जिसमें वो पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। वहीं सैफ अली खान बहुत जल्द जाह्नवी कपूर और जूनियर एनटीआर के साथ साउथ की फिल्म 'देवरा'में नजर आएंगे। जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया है।

हॉलीवुड मसाला




# 'वेनम-द लास्ट डांस' का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिल्स। 'वेनमः द लास्ट डांस' का नया रोमांचकारी ट्रेलर रिलीज हो गया है। टॉम हार्डी अपनी एंटी-हीरो गाथा की तीसरी किस्त में एडी ब्रॉक के रूप में वापस आ गए हैं। इस किस्त के साथ फ्रेंचाइजी का समापन हो जाएगा, जिस कारण दर्शकों के बीच इस किस्त के लिए और उत्साह देखने को मिल रहा है। ट्रेलर में सिंबियोट्स एक रहस्यमय प्राणी से भाग रहे हैं। टॉम हार्डी का एडी ब्रॉक यात्रियों से भरे विमान में एक एलियन जैसे राक्षस से लड़ता है और बाद में वेनम ब्रॉक को बताता है कि एलियन को उसके मालिक ने भेजा था।



# किंग खान की लकी चार्म हैं दीपिका

**मुंबई।** सुपरस्टार शाहरुख खान के दिल की रानी उनकी वाइफ गौरी खान हैं। लेकिन, फिल्मों को लेकर लकी चार्म वो गौरी को नहीं, बल्कि इस एक्ट्रेस को मानते हैं, जिनके साथ कई हिट दी हैं। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की पिछले कई सालों से बैक टू बैक फिल्में फ्लॉप हो रही थीं लेकिन 'पठान' (2023) से उनकी जबरदस्त वापसी हुई। इस फिल्म में उनकी लीड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ही थीं और फिल्म की ऐसी कामयाबी का श्रेय शाहरुख ने दीपिका को दे दिया था। फिल्म पठान की सक्सेस के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी, जिसमें शाहरुख खान ने दीपिका के लिए कहा था, 'मेरे लिए घर पर मेरी लकी चार्म मेरी वाइफ गौरी और बच्चे हैं। वहीं, फिल्मों में मेरी लकी चार्म दीपिका हैं। पिछले कई सालों से मैं फिल्मों में कुछ एक्सपेरिमेंट कर रहा था, लेकिन सफल नहीं हुआ फिर दीपिका मेरे साथ 'पठान' करने को तैयार हुईं और रिजल्ट आपके सामने है।'



# करण जौहर की फिल्म को किया था मना

**नई दिल्ली।** सिद्धांत ने कॉलेज से थिएटर और प्ले में एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। कॉलेज में पॉपुलर फेस कंटेस्ट जीतने के बाद सिद्धांत ने अपने सीए फाइनल के एग्जाम छोड़कर ऑडिशन देना शुरू कर दिया था. उन्होंने करण जौहर के प्रोडक्शन में बन रही ब्रह्मास्त्र का ऑडिशन भी क्लियर कर लिया था, लेकिन बाद में पिता की सलाह के बाद उन्होंने इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। जबकि उन्हें तीन फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट ऑफर किया गया था मगर उन्होंने मना कर दिया। एक इंटरव्यू में सिद्धांत ने बताया कि कैसे उनके पापा ने ब्रह्मास्त्र में काम करने से मना किया था। वो उस समय स्क्रिप्ट लिख रहे थे और मैं बहुत एक्साइटेड था। लेकिन, मेरे पिता ने मुझे ये नहीं करने दिया। उन्होंने कहा- तुम इससे बहुत बेटर हो। आज भी वह मुझे पुश करते हैं।



# वीर दास होस्ट करेंगे एमी अवॉर्ड 2024

**मुंबई।** अपनी कॉमेडी और एक्टिंग से फेमस वीर दास ने फैंस को एक ऐसी गुड न्यूज सुनाई है कि सभी खुशी से झूम उठेंगे। वो न्यूयॉर्क में होने वाले इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड को होस्ट करेंगे। ऐसा करने वाले वो पहले भारतीय हैं। उन्होंने सभी का आभार जताया है और अपनी एक्साइटमेंट भी जाहिर की है। दीपिका पादुकोण से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, कई बॉलीवुड हस्तियां कान फिल्म फेस्टिवल से लेकर ऑस्कर तक में शिरकत कर भारत का मान बढ़ाती हैं। अब कॉमेडियन-एक्टर वीर दास ने भी सभी का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। वो इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड शो 2024 को होस्ट करेंगे और ऐसा करने वाले वो पहले भारतीय हैं। उन्होंने इस सम्मान के लिए आभार जताया और कहा कि वो बहुत ज्यादा एक्साइटेड हैं। वीर ने स्टैंड-अप कॉमेडी में अपना करियर शुरू किया। भारत और विदेशों में कई जगहों पर परफॉर्म किया।

टीवी मसाला




# 'बिग बॉस 18' में एक-दूसरे से टकराएंगे ये सेलेब्स!

**नई दिल्ली।** बहुत जल्द सलमान खान का सबसे पॉपुलर टीवी शो 'बिग बॉस 18' कलर्स पर दस्तक देने जा रहा है। ऐसे में इसमें शामिल होने वाली कंटेस्टेंट के भी नाम सामने आने शुरू हो गए हैं। इस लिस्ट का पहला नाम टीवी एक्टर शीजान खान का है। जो एक्ट्रेस तुनीषा शर्मा की आत्महत्या के बाद काफी विवादों में रहे थे। टीवी के फेमस शो 'ये हैं मोहब्बतें'में नजर आ चुके एक्टर करण पटेल का भी नाम बिग बॉस 18 के लिए सामने आ रहा है। सुरभि ज्योति - 'कुबूल है' और 'नागिन जैसे शोज में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत चुकी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति भी बिग बॉस 18 में हिस्सा ले सकती हैं। खबरें ये भी हैं कि इस बार शो में सोशल मीडिया स्टार जैन सैफ भी नजर आएंगी। इनके अलावा सोशल मीडिया सेंसेशन डॉली चायवाला वाला का नाम भी बिग बॉस 18 की लिस्ट में शामिल है। ये एक फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। बिग बॉस 18 के लिए बंगाल की जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस और टीएमसी की पूर्व सांसद रही नुसरत जहां का नाम भी सामने आया है। इस बार शो में टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर भी हिस्सा लेने जा रही हैं। जो अपनी दूसरी शादी टूटने को लेकर काफी दिनों से चर्चा में हैं।

# बप्पा के पंडाल में सिमरन को करना पड़ा बदसलूकी का सामना

**मुंबई।** टीवी अभिनेत्री सिमरन बुधरूप हाल ही में लालबागचा राजा पंडाल में अपनी मां के साथ पहुंची थी, जहां उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सिमरन बुधरूप ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए पंडाल में अपने खराब अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने लिखा कि पंडाल में बप्पा के दर्शन करना निराशाजनक अनुभव रहा। मैं अपनी मां के साथ आशीर्वाद लेने के लिए लालबाग चा राजा गईं, मगर कर्मचारियों के बर्ताव ने चीजें खराब कर दी। सिमरन ने बताया कि वहां एक बाउंसर ने फोटो खींच रही मेरी मां के हाथ से फोन छीन लिया। मां ने अपना फोन वापस लेने की कोशिश की तो उन्हें धक्का मारा गया। इसके बाद मैं मामले में कूदी तो महिला बाउंसरों ने मेरे साथ भी बदसलूकी की। फिर मैंने उनकी इस हरकत को रिकॉर्ड करना शुरू किया तो उन्होंने मेरा भी फोन छीनने की कोशिश की। सिमरन ने आगे लिखा कि जब उन लोगों को मालूम हुआ कि वो एक अभिनेत्री हैं, तब जाकर वे पीछे हटे।



# शाहरुख से भी महंगे घर में रहेंगी



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकारा सोनम कपूर अपने पति और रईस बिजनेसमैन आनंद आहूजा के साथ लंदन में एक आलीशान घर में रहती हैं। हालांकि अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सोनम और आनंद जल्द ही एक नए आलीशान महल में शिफ्ट होने वाले हैं। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख के 'मन्नत' की कीमत 200 करोड़ रुपए है। वहीं, सोनम के नए घर की कीमत इससे 26 करोड़ रुपए ज्यादा है। दरअसल, सोनम के ससुर और आनंद के पिता हरीश आहूजा ने लंदन में ही करोड़ों की कीमत की एक नई प्रॉपर्टी खरीदी है। खबरें है कि इसमें सोनम और आनंद जल्द ही शिफ्ट होने जा रहे हैं। सोनम के ससुर हरीश आहूजा ने इसी साल जुलाई में ये प्रॉपर्टी खरीदी थी। हरीश आहूजा ने जुलाई में आठ मंजिला रेजिडेन्शियल कॉन्वेंट खरीदा था। ये घर नॉटिंग हिल में केनसिंगटोन गार्डनर से थोड़ी दूरी पर ही स्थित है। हरीश आहूजा ने इस आलीशान प्रॉपर्टी के लिए 226 करोड़ रुपए (27 मिलियन डॉलर) का भुगतान किया है। गौरतलब है कि सोनम कपूर और आनंद आहूजा का ये नया घर बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के घर से भी ज्यादा महंगा है। शाहरुख खान का घर 'मन्नत' काफी पॉपुलर है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख के 'मन्नत' की कीमत 200 करोड़ रुपए है। वहीं, सोनम के नए घर की कीमत इससे 26 करोड़ रुपए ज्यादा है।

# एक्शन-थ्रिलर से भरपूर होगी शाहिद-तृप्ति की फिल्म



**मुंबई।** निर्माता साजिद नाडियाडवाला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें सलमान खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, शुक्रवार को साजिद ने अपनी एक और एक्शन-थ्रिलर फिल्म की घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर की है। इस फिल्म में पहली बार शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज करेंगे। 13 सितंबर को साजिद नाडियाडवाला ग्रैंडसन के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने उनके आगामी प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा पोस्ट की। साजिद नाडियाडवाला द्वारा समर्थित और विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। साजिद ने पोस्ट में अपनी, तृप्ति, विशाल और शाहिद की तस्वीर का एक कोलाज साझा किया। और पोस्ट पर लिखा, 'मैं बेहद ही उत्साहित हूं अपने प्रतिभाशाली निर्देशक और मेरे प्रिय मित्र विश्ला भारद्वाज के साथ जुड़ने के लिए। साथ ही पावरहाउस अभिनेता शाहिद कपूर के साथ मिलकर काम करने के लिए बेहद रोमांचित हूं।

# 'तुम ही हो' होगी रोमांटिक फिल्म दिखेगी सिद्धांत-मृणाल की जोड़ी

**मुंबई।** निर्देशक संजय लीला भंसाली अपने बेहतरीन निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। संजय की कुछ समय पहले वेब सीरीज हीरामंडी रिलीज हुई थी। इस वेब सीरीज ने सोशल मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोरीं। मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के अनुसार, अब संजय एक म्यूजिक आधारित प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की रोमांटिक जोड़ी देखने को मिलेगी। संजय की आगामी फिल्म का शीर्षक 'तुम ही हो' हो सकता है। फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित होगी। हालांकि, निर्माताओं ने इस फिल्म को लेकर किसी भी प्रकार की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की शूटिंग मई 2023 से शुरू हो चुकी है। फिल्मांकन का अगला शेड्यूल उत्तराखंड के खूबसूरत राज्य में होगा। टीम सितंबर के आखिर में उत्तराखंड जाएगी और शूटिंग के अगले चरण के लिए अक्टूबर में कुछ समय के लिए वहीं रुकेगी। सिद्धांत और मृणाल बाकी टीम के साथ वहां शूटिंग में शामिल होंगे।




## अमोल की पहली हिंदी फिल्म के 50 साल पूरे, लगातार तीन फिल्मों ने मनाई थी जुबली

# एंग्री यंगमैन के दौर में खूब भाया ये बॉय नेक्स्ट डोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म 'रजनीगंधा' की रिलीज को 50 साल पूरे हो गए हैं। गोल्डन जुबली मना रही यह फिल्म जब रिलीज हुई थी तो इसकी महक भी खूब बिखरी। यह फिल्म मन्नू भंडारी की कहानी 'सच यही है' पर बनाई गई थी। इसी फिल्म के जरिए अमोल पालेकर ने हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही और सिनेमाघरों में फिल्म ने सिल्वर जुबली मनाई थी। यह भी दिलचस्प है कि अमोल पालेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के ऐसे इकलौते एक्टर हैं, जिनकी लगातार तीन फिल्मों ने सिल्वर जुबली मनाई। पहली फिल्म 'रजनीगंधा' के बाद 'छोटी सी बात' और 'चितचोर' ने भी सिल्वर जुबली मनाई थी।



## अमिताभ बच्चन के साथ बनाने की थी योजना

बासु चटर्जी ने इस फिल्म का निर्देशन किया था। दिलचस्प है कि बासु चटर्जी पहले इस फिल्म को अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और शर्मिला टैगोर के साथ बनाना चाहते थे। फिर उनका मन बदला और वे अपर्णा सेन के पास पहुंचे, लेकिन उनकी फीस बहुत ज्यादा थी। इसके बाद उन्होंने नए सितारों के साथ यह फिल्म बनाने का फैसला लिया। लिहाजा, अमोल पालेकर और विद्या सिन्हा को फिल्म में लिया गया। यह उनकी डेब्यू फिल्म थी। कहा जाता है कि शुरुआत में इस फिल्म से वितरक हाथ खींच रहे थे। लेकिन, जब यह फिल्म सिनेमाघरों में लगी तो छा गई और सिल्वर जुबली फिल्म साबित हुई।

## मिला था बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर

'रजनीगंधा' वर्ष 1974 की सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्मों में शामिल है। वर्ष 1975 में 'रजनीगंधा' को बेस्ट फिल्म का फिल्मफेयर मिला था। इस फिल्म में धर्मेंद्र और सायरा बानो कैमियो भूमिका में नजर आए थे। दरअसल, फिल्म के दोनों लीड एक्टर ही सिनेमा में नए आवंतुक थे। इसी तरह धर्मेंद्र फिल्म 'छोटी सी बात' (1976) में भी हेमा मालिनी के साथ कैमियो भूमिका में दिखे। वे 'जानेमन जानेमन' गाने में नजर आए थे, जो मुख्य रूप से विद्या सिन्हा और अमोल पर फिल्माया गया था।



## खूब हिट रहे फिल्म के गाने

इस फिल्म की रिलीज के वक्त आलम यह था कि बासु चटर्जी को फिल्म के लिए कोई वितरक नहीं मिल रहा था, इसलिए उन्होंने इसे मुंबई के आकाशवाणी सिनेमा में प्रदर्शित किया। इस फिल्म के दोनों गाने 'रजनीगंधा फूल तुम्हारे' और 'कई बार यूं ही देखा है' खूब हिट रहे। 'रजनीगंधा फूल तुम्हारे' तो बेहद लोकप्रिय रहा। इस गाने को लता मंगेशकर ने गाया था। इसके बोल योगेश ने लिखे थे। 'कई बार यूं ही देखा है' गाने के लिए मुकेश को बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था।

## खबर संक्षेप

### हड़ताल पर बैठे बोइंग कारखाने के कर्मचारी




**सिएटल।** सिएटल के निकट बोइंग कारखानों तथा अन्य स्थानों पर विमान असेंबली कर्मचारियों ने शुक्रवार को सुबह ही काम छोड़ दिया। कर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने हड़ताल पर जाने तथा एक अस्थायी अनुबंध को अस्वीकार करने के पक्ष में भारी मतदान किया था। अनुबंध के तहत चार वर्षों में वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि होनी थी।

### जेपी में 64 फीसदी हिस्सेदारी लेगी मैक्स

**नई दिल्ली।** मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट ने शुक्रवार को कहा कि वह 1,660 करोड़ रुपए के उद्यम मूल्य पर जेपी हेल्थकेयर में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। उसने जेपी हेल्थकेयर लिमिटेड के प्रवर्तकों लक्षदीप समूह के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है, जो कंपनी दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है।

### रूसी बैंक ने नीतिगत दर बढ़ाकर 19 प्रतिशत की



**मॉस्को।** आर्थिक प्रतिबंधों से घिरे और यूक्रेन के खिलाफ जंग में उलझे रूस के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर में एक प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी करते हुए उसे 19 प्रतिशत पर पहुंचा दिया है। उसने कहा कि घरेलू मांग में वृद्धि अभी भी वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति बढ़ाने की क्षमताओं से काफी आगे निकल रही है।

### एनसीडीआरसी में पद भरने मंगाए आवेदन




**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में सदस्य पद की दो रिक्तियों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। एनसीडीआरसी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत गठित एक अर्ध-न्यायिक निकाय है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले के मंत्रालय ने केवल ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री दो प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर लगभग दो प्रतिशत घट गई। मांग में गिरावट के बीच डीलरों के पास भंडार को कम करने के लिए कंपनियों ने आपूर्ति घटा दी। घरेलू बाजार में डीलरों के भेजी गई कुल यात्री वाहनों की खेप पिछले महीने सालाना आधार पर 1.8 प्रतिशत घटकर 3,52,921 इकाई रही।

### एनएलसीआईएल करेगी 50 हजार करोड़ का निवेश




**नई दिल्ली।** एनएलसी इंडिया लिमिटेड अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 1.43 गीगावाट से बढ़ाकर 10.11 गीगावाट करने के लिए लगभग 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। एनएलसीआईएल लिग्नाइट से लेकर बिजली बनाने वाली कंपनी है। कंपनी ने शुक्रवार एक आधिकारिक बयान में कहा कि एनएलसीआईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एनएलसी इंडिया ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनआईजीईएल) को नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन पर विशेष ध्यान देने के साथ की गई है।

# यूपीआई लाइट वॉलेट में बैलेंस एड करने की झंझट खत्म, आ रहा ऑटो टॉपअप फीचर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज के समय में पेमेंट करने के लिए हमें परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर पॉकेट में कैश नहीं है तब भी हम यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी के माध्यम से आसानी से यूपीआई कर सकते हैं। यूपीआई ने देश के बाहर यानी विदेश में भी अपनी पहचान बना ली है। दुनिया के कई देशों में यूपीआई के जरिए भी पेमेंट किया जाता है।

■ अब यूपीआई लाइट के लिए एक नया अपडेट सामने आया

यूपीआई पेमेंट को आसान बनाने और सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए एनपीसीआई ने यूपीआई लाइट लॉन्च किया था। अब यूपीआई लाइट के लिए एक नया अपडेट सामने आया है। दरअसल, यूपीआई लाइट में ऑटो टॉप-अप फीचर एड-ऑन हो गया है। इसका मतलब है कि यूपीआई लाइट में ऑटो टॉप-अप फीचर आ गया है।

## यूपीआई ने विदेश में भी अपनी पहचान बना ली

### कब से शुरू होगा यह फीचर

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने ऑटो-टॉप फीचर को लेकर सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर के हिसाब से यूपीआई लाइट यूजर 31 अक्तूबर 2024 से इस फीचर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस फीचर के जरिये यूपीआई लाइट में सेलेक्टिड राशि ऑटोमैटिक अकाउंट में जुड़ जाता है।







### क्या है ऑटो टॉप अप फीचर

अगर कभी यूपीआई लाइट के वॉलेट में राशि खत्म हो जाती है तो ऑटो-टॉप अप के जरिये ऑटोमैटिकली बैलेंस एड ऑन हो जाता है। इसका मतलब है कि यूजर को बार-बार बैलेंस एड करना नहीं पड़ेगा। इसे ऐसे समझिए कि अगर यूपीआई यूजर ने 500 रुपए का टॉप-अप इनेबल किया है तो जैसे ही यूपीआई लाइट वॉलेट में बैलेंस खत्म होता है तो ऑटोमैटिक 500 रुपए जुड़ जाएगा।

### कितनी राशि कर सकते हैं एड-ऑन

यूपीआई लाइट में बैलेंस रखने की सीमा 2,000 रुपये है। इसका मतलब है कि यूजर 2,000 रुपए ही ऑटो-टॉप कर सकते हैं। यूपीआई लाइट वॉलेट में 500 रुपये तक की पेमेंट के लिए यूपीआई पिन की जरूरत नहीं पड़ती है। हालांकि, इससे ज्यादा राशि की पेमेंट करने के लिए यूजर को यूपीआई पिन देना होता है।

### निफ्टी 32.40 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिरकर 25,356.50 पर पहुंचा

# सेंसेक्स, निफ्टी रिकॉर्ड स्तर से फिसले अदाणी पोर्ट्स को सर्वाधिक नुकसान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों के एक दिन पहले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद शुक्रवार को मुनाफावसूली का असर दिखा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 71.77 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 82,890.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 309.49 अंक टूटकर 82,653.22 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 32.40 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिरकर 25,356.50 पर आ गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स को सर्वाधिक 1.37 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। इसके बाद आईटीसी, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, मारुति, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी गिरकर बंद हुए। इसके उलट बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में तेजी का रुख देखने को मिला।

### दर में कटौती की संभावनाएं

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पिछले सत्र में आई तेज उछाल के बाद बाजार ने राहत की सांस ली और लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुआ। घरेलू खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के तय दायरे के भीतर होने के बावजूद खाद्य कीमतों में तेजी रिजर्व बैंक को नीतिगत दर पर विवेकपूर्ण बने रहने के लिए प्रभावित कर सकती है। घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की तरफ से अधिक खरीदारी आने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दर में कटौती की संभावनाओं को बढ़ा दिया है। इससे घरेलू निवेशकों की धारणा को बल मिलेगा। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65 प्रतिशत रही।




### पहली बार 83 हजार का आंकड़ा पार

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने गुरुवार को 7,695 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीद की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को कारोबार के दौरान पहली बार 83,000 के स्तर को पार करने के बाद 1,439.55 अंक उछलकर 82,962.71 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी भी 470.45 अंक बढ़कर 25,388.90 के रिकॉर्ड बंद स्तर पर बंद हुआ था।

### अन्य बाजारों में भी गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट गिरकर बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी एवं हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त पर रहा। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 83.90 पर बंद



अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 83.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर के कमजोर होने तथा विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण रुपये को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये का कारोबार सीमित दायरे में रहा। भारतीय रिजर्व बैंक घरेलू मुद्रा पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.92 पर खुला और कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.85 के उच्चतम स्तर पर गया और 83.98 के निम्नतम स्तर तक आया। अंत में 83.90 पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे अधिक है। रुपया बृहस्पतिवार को तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# चीन से रसायन आयात पर सब्सिडी रोधी शुल्क पांच साल के लिए बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने घरेलू कंपनियों को संरक्षण देने के लिए कीटनाशकों में इस्तेमाल होने वाले एक चीनी रसायन पर लगाए गए सब्सिडी-रोधी शुल्क को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन से 'एट्राजीन टेक्निकल' रसायन के आयात पर लगा शुल्क जारी रखने की सिफारिश की थी। उसके बाद इसे पांच साल के लिए बढाने का निर्णय लिया गया है।"इस अधिसूचना के तहत लगाया गया प्रतिपूरक (सब्सिडी-रोधी) शुल्क इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए लगाया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने इस आयातित उत्पाद पर 11.94 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया है। वाणिज्य उपचार महानिदेशालय ने अपनी जांच में पाया था कि मौजूदा शुल्कों ने अधिक भारतीय उत्पादकों को बाजार में प्रवेश करने की अनुमति दी है और घरेलू उद्योग को अपनी क्षमता का विस्तार करने में मदद की है।



■ वित्त मंत्रालय ने इस आयातित उत्पाद पर 11.94 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया

### सब्सिडी रोधी शुल्क लगाने का नियम

सब्सिडी वाले निर्यात से आयातक देश में उस उत्पाद की कीमत प्रभावित होती है, जिससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन और मुनाफे पर असर पड़ता है। वैश्विक व्यापार मानदंडों के तहत कोई देश ऐसे आयातों पर प्रतिपूरक या सब्सिडी रोधी शुल्क लगा सकता है। इसके साथ ही वित्त मंत्रालय ने चीन और वियतनाम से वेल्डेड स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब के आयात पर सब्सिडी-रोधी शुल्क को भी पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

# 151 अरब डॉलर पर पहुंची भारत की जैव अर्थव्यवस्था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की जैव अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह 2023 के अंत तक 151 अरब डॉलर के मूल्यांकन तक पहुंच गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि यह उछाल राष्ट्रीय वृद्धि में जैव प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को बताता है। इस क्षेत्र का देश की जीडीपी में 4.25 प्रतिशत का योगदान है।

भारत शीर्ष पांच वैश्विक जैव अर्थव्यवस्था में शामिल है। बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल और एसोसिएशन ऑफ बायोटेक्नोलॉजी लेड एंटरप्राइजेज (एबीएलई) की रिपोर्ट में जैव प्रौद्योगिकी, कृषि नवाचार, स्वास्थ्य सेवा और जैव विनिर्माण में परिवर्तनकारी प्रगति को रेखांकित किया गया है। इसे वैश्विक 'बायो-इंडिया समिट 2024' के एक सत्र के दौरान जारी किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की जैव अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2023 के अंत तक 151 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन तक पहुंच जाएगी। जैव अर्थव्यवस्था के 2014 में 10 अरब अमेरिकी डॉलर डॉलर से बढ़कर 2023 तक 151 अरब डॉलर तक पहुंचने की बात कही गई है।



■ इस क्षेत्र का देश की जीडीपी में 4.25 प्रतिशत का योगदान है

### नजारा करेगी 982 करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली।** ईस्पोर्ट्स कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज रियल मनी गेमिंग मंच पोकरबाजी की मूल कंपनी मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 982 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। नजारा ने शुक्रवार को बयान में कहा कि वह सौदे के तहत मूनशाइन टेक्नोलॉजी में 831.51 करोड़ रुपए में 47.7 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। इसमें 592.26 करोड़ रुपए का नकद लेनदेन और 239.25 करोड़ रुपए मूल्य की शेयर अदला-बदली व्यवस्था शामिल हैं।

# 1200 रुपए बढ़ा सोने का भाव चांदी में दिखी 2000 की चमक



**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में उछाल का सिलसिला जारी है। मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच शुक्रवार को घरेलू बाजारों में आभूषण विक्रेताओं की ओर से भी सोने की खरीदारी बढ़ी। इससे शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत में 1,200 रुपए बड़ा उछाल आया और यह उछलकर करीब दो महीने के उच्चतम स्तर 75,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को यह कीमती धातु 74,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ओर से मांग बढ़ने से चांदी की कीमत भी लगातार चौथे सत्र में बढ़ी। चांदी में 2,000 रुपए का बड़ा उछाल दिखा और यह 89,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। गुरुवार को पिछले बंद भाव में यह सफेद धातु 87,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 689.24 अरब डॉलर के नए उच्च स्तर पर

■ स्वर्ण भंडार का मूल्य 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.99 अरब डॉलर हो गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई।



देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में 5.25 अरब डॉलर बढ़कर 689.23 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 683.99 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.11 अरब डॉलर बढ़कर 604.14 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 40 लाख डॉलर बढ़कर 18.47 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 90 लाख डॉलर बढ़कर 4.63 अरब डॉलर हो गया।

## 'किड्स इंडिया 2024' व्यापार प्रदर्शनी शुरू ...



**ठाणे/मुंबई।** खिलौना और बच्चों से जुड़े उत्पाद के उद्योग के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम 'किड्स इंडिया 2024' ट्रेड शो मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में शुरू हो गया है। गुरुवार को जारी बयान के अनुसार, स्पीलवेयरनमेसे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 14 सितंबर तक जारी रहेगा। खेल सामग्री निर्यात संवर्धन परिषद और अखिल भारतीय खिलौना निर्माता संघ जैसे उद्योग निकायों द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम का प्रबंधन इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा किया जाता है।

# चेन्नई विनिर्माण संयंत्र का उपयोग निर्यात के लिए करने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई




■ इस कदम का उद्देश्य भारत के प्रति हमारी पर्यावरण अनुकूल प्रतिबद्धता दिखाना है

अमेरिका की प्रमुख वाहन कंपनी फोर्ड मोटर ने शुक्रवार को कहा कि वह निर्यात के लिए वाहन बनाने हेतु अपने चेन्नई विनिर्माण संयंत्र का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। फोर्ड ने इस बारे में तमिलनाडु सरकार को जानकारी दी है। कंपनी ने 2021 में कहा था कि वह भारत में वाहनों का विनिर्माण बंद कर देगी, लेकिन अब उसने तमिलनाडु सरकार को एक आशय पत्र दिया है, जिसमें निर्यात के लिए विनिर्माण हेतु चेन्नई संयंत्र का उपयोग करने के इरादे की पुष्टि की गई है।

फोर्ड ने बयान में कहा कि यह घोषणा फोर्ड नेतृत्व और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बीच उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान हुई बैठक के बाद की गई है। फोर्ड इंटरनेशनल मार्केट ग्रुप के अध्यक्ष के हार्ट ने कहा, इस कदम का उद्देश्य भारत के प्रति हमारी पर्यावरण अनुकूल प्रतिबद्धता दिखाना है क्योंकि हम नए वैश्विक बाजारों की सेवा के लिए तमिलनाडु में उपलब्ध विनिर्माण विशेषज्ञता का लाभ उठाने का इरादा रखते हैं।

## बायर के दक्षिण एशिया परिचालन के प्रमुख विबुश का बयान

# भारत 'पिछड़ी कृषि' के साथ विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता

एजेंसी ▶▶ पानीपत

जर्मनी की रसायन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बायर के दक्षिण एशिया परिचालन के प्रमुख ने कहा है कि भारत 'पिछड़ी कृषि' के साथ 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' नहीं बन सकता। उन्होंने कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की।

बायर दक्षिण एशिया के अध्यक्ष साइमन विबुश ने साक्षात्कार में कहा, पिछड़ी कृषि से आप विकसित राष्ट्र नहीं बन सकते। नई सरकार की ओर से हमें जो अनेक पहल सुनने को मिल रही हैं, वे स्पष्ट रूप से भारतीय कृषि के आधुनिकीकरण पर केंद्रित हैं। विबुश ने कहा कि भारत तेजी से विनियामक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण कर रहा है और नवीन यौगिकों को प्राथमिकता दे रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन रातोरात नहीं होता। नियामकीय देरी के बारे में उन्होंने कहा, हम अब नए अभिनव यौगिकों को प्राथमिकता देने और तेजी से आगे बढ़ाने के बारे में चर्चा देख रहे हैं। यह एक स्पष्ट संकेत है कि जो हमने अतीत में देखा है वह वह नहीं है जो हम भविष्य में देखेंगे। बायर दक्षिण एशिया के लिए फसल विज्ञान के 'कंट्री डिवीजनल हेड' वीबुश ने कहा कि कंपनी भारत में खरपतवारनाशकों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है, जो कि कृषि में बढ़ती श्रम की कमी को पूरा करने के लिए है। यह कोविड-19 महामारी के बाद से और अधिक गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत में खरपतवारनाशकों में निवेश इस समय कीटनाशकों की तुलना में अधिक है।



### *कृषि में श्रमिकों की कमी*

*विबुश ने कहा, हम भारत में कृषि में श्रमिकों की कमी देख रहे हैं। इसका मतलब हमें उन खरपतवारों से निपटने के लिए अधिक खरपतवारनाशकों की आवश्यकता है जिनके बारे में आप बात कर रहे हैं जैसे साइपरस रोटंडस, सिनोडोन डेक्टीलॉन और फालारिस माइनर। उन्होंने कहा कि हालांकि भारत में ऐतिहासिक रूप से कम उपयोग के कारण मौजूदा खरपतवारनाशक अभी भी प्रभावी हैं, लेकिन कंपनी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी कर रही है, क्योंकि खरपतवारों में इनके प्रति प्रतिरोध विकसित हो रहा है।*

# सरकार ने प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाया



**नई दिल्ली।** सरकार ने प्याज के निर्यात के लिए पहले तय की गई न्यूनतम मूल्य सीमा शुक्रवार को हटा दी। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्याज की अधिकता के बीच भारतीय किसानों को स्थितियों का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। सरकार ने पहले न्यूनतम निर्यात मूल्य के तौर पर 550 डॉलर प्रति टन की सीमा तय की थी। इसका मतलब यह था कि किसान इस दर से कम कीमत पर अपनी उपज विदेश में नहीं बेच सकते थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर तत्काल प्रभाव से न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटा दिया। यह कदम महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले उठाया गया है, जो प्याज का प्रमुख उत्पादक राज्य है।

## पीएम के बर्थ डे पर अजमेर शरीफ में होगा जश्न

# खास दुआ पढ़ी जाएगी और 4,000 किलो वेज फूड का लंगर लगेगा

1 17 सितंबर को पीएम मोदी का 74वां जन्मदिन मनाया जाएगा 2 सेवा पखवाड़े के साथ 'बिग शाही देग' का होगा इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/अजमेर शरीफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को 74वां जन्मदिन इस बार विशेष तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर समर्थक पूरे देश में अलग-अलग तरीके से जश्न मनाने वाले हैं।

पीएम मोदी के बर्थडे का जश्न अजमेर शरीफ में एक बेहद ही खास तरीके से मनाया जाएगा। दरगाह में खास दुआ पढ़ी जाएगी और 4,000 किलो वेज फूड का लंगर लगाकार लोगों को बांटा जाएगा। दरअसल, अजमेर शरीफ दरगाह अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर सेवा पखवाड़ा के साथ, अजमेर दरगाह शरीफ में ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध 'बिग शाही देग' का एक बार फिर इस्तेमाल होगा। 4,000 किलोग्राम शाकाहारी भोजन तैयार कर उसे लोगों में बांटा जाए।



### देश के धार्मिक स्थलों पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे



*अजमेर शरीफ दरगाह के गद्दी नशीन सैयद अफशान चिश्ती ने पीएम मोदी के बर्थडे पर मनने वाले जश्न की जानकारी दी। सैयद अफशान चिश्ती ने बताया कि पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर देश के धार्मिक स्थलों पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर, हम 4,000 किलो शाकाहारी भोजन तैयार करेंगे, जिसमें चावल और शुद्ध घी, सूखे मेवे शामिल होंगे और इसे लोगों को खिलाएंगे।*

### दरगाह फाउंडेशन कर रहा आयोजन



गद्दी नशीन सैयद अफशान चिश्ती ने कहा कि इसके साथ-साथ गुरुओं और हमारे आसपास के गरीब लोगों को भी सेवा के रूप में लंगर दिया जाएगा। चिश्ती ने कहा कि हम उनके जन्मदिन पर लंबी उम्र की भी प्रार्थना करेंगे। पूरा लंगर भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन और अजमेर शरीफ के चिश्ती फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। दरगाह प्रबंधन द्वारा बताया गया कि खाना स्वयंसेवकों द्वारा बांटा जाएगा। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्र और सभी मानवता के कल्याण के लिए आभार और एकता की प्रार्थना के साथ होगा।

### लंगर मशहूर 'बड़े शाही डेग' में तैयार किया जाएगा

*दरगाह अधिकारियों के अनुसार यह कार्यक्रम 'सेवा पखवाड़े' का हिस्सा है। लंगर मशहूर 'बड़े शाही डेग' में तैयार किया जाएगा, जो हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती से जुड़ी 550 साल पुरानी परंपरा का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलामती के लिए विशेष दुआ का भी आयोजन किया जाएगा। चिश्ती ने कहा, 'पीएम मोदी के जन्मदिन पर देश में धार्मिक स्थलों पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।*

### कुरान की आयतें पढ़ी जाएंगी और कव्वाली गायन भी होगा

भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन और चिश्ती फाउंडेशन लंगर का आयोजन करेगा। सभी मेहमानों और श्रद्धालुओं को इसमें शामिल होने की इजाजत होगी। रस्म की शुरुआत रात 10:30 बजे होगी। कुरान की आयतें पढ़ी जाएंगी और कव्वाली गायन का भी आयोजन होगा।


## खबर संक्षेप

### दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में जिम मालिक की हत्या



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में आज सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग हुई. एक जिम के बाहर उसी के मालिक को मार दिया। तिहाड़ जेल में बंद और उत्तर पूर्वी दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर हाशिम बाबा ने ये शूटआउट करवाया, जिसकी हत्या हुई नाम नादिर शाह है। पुलिस को 6-8 राउंड फायरिंग की सूचना मिली थी। हत्या की जिम्मेदारी गोदारा और गोल्डी बराड़ ने ली है।

### आगरा को 'विरासत शहर' घोषित करें, अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आगरा को 'विरासत शहर' घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिका पर कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है, जो यह दर्शाता हो कि इस तरह की घोषणा से शहर को कोई विशेष लाभ मिलेगा। न्यायाधीश अभय एस ओका और न्यायाधीश उज्जल भुइयां की पीठ ने आवेदन को खारिज कर दिया।

### अवैध तरीके से लिए गए आयकर रिटर्नः बुच



**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग के दावों के बाद विपक्ष की आलोचना झेल रही भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने अनियमितता बरतने और हितों के टकराव को लेकर कांग्रेस के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि ये 'गलत, प्रेरित और मानहानिकारक हैं।

### प्राइवेट स्कूल में उल्टी फिर मासूम की मौत



**कोलकाता।** कोलकाता में एक बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल में मौत हो गई जिसको लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने बताया कि कोलकाता के एक स्कूल में उल्टी होने के बाद 4साल के एक बच्चे की मौत हो गई। ये घटना मौलाली इलाके के स्कूल में हुई है। उसे नील रतन सरकार मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया।

### कोचिंग सेंटर हादसाः 4 सह-मालिकों को बेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजिंदर नगर कोचिंग सेंटर में स्टूडेंट्स की मौत के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने बेसमेंट के चार सह-मालिकों को 30 जनवरी तक अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने 5 करोड़ रुपए जमा कराने को कहा है। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने बेसमेंट के सह मालिकों को जमानत देते हुए 5 करोड़ की राशि जमा करने को कहा।

## केजरीवाल की रिहाई पर सियासी बयानबाजी का दौर, भाजपा बरसी

# 'जेल' वाला अब 'बेल' वाला सीएम बना भ्रष्टाचार युक्त सीएम, अब भी अभियुक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल की सशर्त रिहाई पर भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने कट्टर बेईमान, आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को फिर से आईना दिखाया है। भ्रष्टाचारी अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत मिली है। जेल वाला सीएम अब बेल वाला सीएम बन गया है। अब केजरीवाल को चाहिए कि वो अपने पद से इस्तीफा दे दें, अब ये कहना गलत नहीं होगा कि भ्रष्टाचार युक्त सीएम अभियुक्त।

अब वो अभियुक्त की श्रेणी में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत आदेश की शर्तें केजरीवाल पर भी लागू होंगी। केजरीवाल का पासपोर्ट कोर्ट में रहेगा। उन्हें हर सोमवार और गुरुवार को जांच अधिकारी के समक्ष पेश होना पड़ेगा। वे गवाहों को डरा नहीं सकते और साक्ष्य को नष्ट नहीं कर सकते। सीबीआई के खिलाफ 'पिंजरे का तोता' वाली टिप्पणी पर भाटिया ने कहा कि कोल गेट घोटाले के समय भ्रष्ट कांग्रेस ने सीबीआई को 'पिंजरे का तोता' बना दिया था। सीबीआई 'पिंजरे का तोता' नहीं है। आज बाज बन चुका है, भ्रष्टाचारियों को चोट लग रही है, इसलिए भ्रष्टाचारियों को दर्द हो रहा है।

### भाटिया बोले- मुख्यमंत्री का काम नहीं कर सकेंगे तो तत्काल इस्तीफा दें

उनकी गिरफ्तारी और आरोप दोनों वैध



### मुख्यमंत्री बने रहने का अधिकार खो दिया



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी गिरफ्तारी वैध है, उन पर आरोप वैध हैं। केजरीवाल को सशर्त जमानत मिलना कोई विशेष उपलब्धि नहीं है। मुकदमा चलेगा और उन्हें शीघ्र लंबी सजा होगी। केजरीवाल याद रखें वह अब जयललिता, लालू यादव, मधु कोड़ा जैसे मुख्यमंत्रियों की सूची में जुड़ गए हैं और उन्हें भी जमानत मिली थी और वे शीघ्र सजा पा कर फिर जेल जाएंगे। उनको जमानत बेशक मिली हो पर उन्हें अब मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री का काम नहीं कर सकेंगे तो वो मुख्यमंत्री क्यों? उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। 'सत्यमेव जयते' के सच्चे अर्थ से कोसों दूर हैं। आप 'सत्यमेव जयते' कहते हैं आपको मुबारक।

### जमानत मिलना न्यायिक प्रक्रिया का एक हिस्साः कांग्रेस



प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत शराब घोटाले में मुख्य आरोपी केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलना न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। कानून अपना काम कर रहा है।

आप ने मनाया जश्न

### तिहाड़ के बाहर फोड़े पटाखे, बांटी मिठाइयां



केजरीवाल तिहाड़ से रिहा हो गए हैं। जेल का बाहर आप नेता जश्न मनाया। आप नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और पंजाब के सीएम भगवंत मान केजरीवाल की रिहाई से पहले तिहाड़ जेल के बाहर पटाखे फोड़ने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बड़ी भीड़ में शामिल हुए।

### पत्नी सुनीता ने बांटी मिठाइयां, बोलीं भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरा



इस खुशी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने मिठाई बांटी और जश्न मनाया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह, आतिशी और सोमनाथ भारती समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। लोगों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाई। सुनीता ने कहा कि भाजपा के मंसूबों पर पानी फिर गया है। वे विपक्ष के नेताओं को जेल में डालकर सत्ता में बने रहना चाहते हैं, उनका मकसद यही है। आप परिवार को बधाई! मजबूत बने रहने के लिए बधाई।

### *यह था दिल्ली शराब घोटाला*

*कोरोना काल के बीच दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में इसे बनाने और इसके कार्यान्वयन में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया।*

## कोलकाता के डॉक्टरों का प्रदर्शन

# राष्ट्रपति और पीएम को पत्र लिख न्याय की गुहार लगाई



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चार पन्नों का पत्र लिखकर 9 अगस्त को पश्चिम बंगाल के शहर कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर की हत्या और बलात्कार के मामले में हस्तक्षेप की अपील की है।

पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट की ओर से लिखे गए पत्र की प्रतियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को भेजी गईं। पत्र में लिखा है कि हमारे सहयोगी अपराध का शिकार हुए हैं, उन्हें न्याय मिले।

### अंधकार दूर करें, हमें सक्षम बनाएं

पत्र में लिखा है कि हम विनम्रतापूर्वक राज्य के प्रमुख के रूप में आपके महामहिम के समक्ष मुद्दों को रखते हैं, ताकि हमारे दुर्भाग्यपूर्ण सहयोगी जो सबसे घृणित अपराध का शिकार हुए हैं, उन्हें न्याय मिले और ताकि हम, पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, बिना किसी डर और आशंका के जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने में सक्षम हो सकते हैं। इसके साथ ही आग्र किया है कि इस कठिन समय में आपका हस्तक्षेप हम सभी के लिए प्रकाश की किरण के रूप में काम करेगा, जो हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा।

### जूनियर डॉक्टरों को मजबूर किया गया

पत्र में कहा गया कि भय, अविश्वास और निराशा के इस अशांत माहौल में, पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टरों को अस्पताल परिसर के भीतर काम करने से बचने के लिए मजबूर किया गया है और इसके बजाय उन्होंने नागरिकों को स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए वैकल्पिक तरीके अपनाए हैं। इस बीच, कोलकाता शहर के साल्ट लेक इलाके में स्वास्थ्य भवन के सामने हुई घटना को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार को बारिश के बीच भी अपना विरोध जारी रखा।

## चुनाव को लेकर माहौल गरमाया

# शिंदे गुट की महिला विधायक ने मुस्लिम महिलाओं को बांटा बुर्का, भाजपा नाराज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गरमाया गया है।महायुति और महाअघाड़ी में शामिल पार्टियां वोटरों को लुभाने के लिए तमाम पैतरे अजमा रही हैं।

शिंदे गुट की महिला विधायक यामिनी जाधव ने मुस्लिम महिला वोटरों को साधने के लिए बुर्का बांट डाला लेकिन इससे महायुति गठबंधन के अंदर ही विवाद पैदा हो गया है। सत्तारूढ़ महायुति की सहयोगी पार्टी भाजपा का पारा चढ़ गया है। पार्टी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा आशीष शेलार ने कहा कि बुर्का बांटने जैसी तुष्टीकरण की राजनीति बिलकुल स्वीकार्य नहीं है।बायकुला मुस्लिम बहुल क्षेत्र है और यहांजाधव ने हाल ही में मुस्लिम महिलाओं के लिए बुर्का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए।



## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अनुमति नहीं दी जा सकती

अदालत ने जताई आपत्ति

# कोर्ट की तो भाषा अंग्रेजी है हिंदी में दलीलें नहीं दे सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिकाकर्ता द्वारा हिंदी में दलीलें पेश करने पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने कहा कि उसकी आधिकारिक भाषा अंग्रेजी है।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की पत्नी द्वारा दायर एक याचिका में बस्ती जिले से प्रयागराज में क्रूरता और दहेज के मामले को ट्रांसफर करने की मांग की गई थी, जिसे उच्च न्यायालय ने मंजूर कर लिया।

### याची ने कहा- वह दलीलें अंग्रेजी में देगा



लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अपनी दलीलें हिंदी में पेश कीं। याचिकाकर्ता ने जब अदालत के समक्ष अपने मुद्दे और उच्च न्यायालय के आदेश के बारे में बताया तो न्यायमूर्ति रॉय ने उन्हें याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट में कार्यवाही की भाषा अंग्रेजी है। न्यायमूर्ति रॉय ने कहा, "इस न्यायालय की कार्यवाही अंग्रेजी में होती है। आपने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी बात रखी, इसलिए हमने आपको बीच में नहीं रोका ताकि आप अपनी बात पूरी तरह से कह सकें। यहां दो न्यायाधीश बैठे हैं। आपको बिना यह सुनिश्चित किए कि न्यायालय आपको समझ पा रहा है या नहीं, हिंदी में इस तरह दलीलें पेश करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## गणेश का 'अर्धनारी' रूप



**मुंबई।** मुंबई निवासी रिंटू राठौड़ द्वारा 20 किलो डार्क चॉकलेट और 10 किलो सफेद चॉकलेट का उपयोग करके 25 इंच की भगवान गणेश की मूर्ति बनाई गई है। कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के कथित यौन उत्पीड़न और हत्या की हालिया घटना को उजागर करने के प्रयास में मूर्ति को 'अर्धनारी' रूप दिया गया है।

## अब मस्जिद विवाद का मामला मंडी तक जा पहुंचा

# हिंदुओं के उग्र प्रदर्शन पर वाटर कैनन का इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला मुख्यालय के जेल रोड में बिना नक्शा पास करवाए मस्जिद में किए गए निर्माण कार्य के विरोध में मंडी शहर में हिंदू संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। हिंदू संगठनों ने सेरी मंच से शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। लोगों की ओर से जमकर नारेबाजी की।

शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद चौहाटा बाजार की तरफ रैली निकाली। स्कूल बाजार से जेलरोड की तरफ जाते ही प्रदर्शन उग्र हो गया। बेकाबू प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। भगदड़ में बहुत से लोगों की तबीयत बिगड़ी है। कई प्रदर्शनकारी पानी की बौछारों के लगने से मौके से हट गए। एक युवती की तबीयत बिगड़ गई।

नारेबाजी करते हुए चौहाटा बाजार की तरफ रैली निकाली



**मस्जिद की 2 अवैध फ्लोर तोड़ने के लिए एक माह का वक्त दिया**

अवैध कब्जा कर बनी मस्जिद को ढहाने की मांग को लेकर भारी प्रदर्शन के बीच नगर निगम कमिश्नर की कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। दो मंजिला अवैध मस्जिद को तोड़ने का आदेश दिया गया है। नगर निगम कमिश्नर एचएस राणा की कोर्ट ने इसके लिए एक महीने का वक्त दिया है।

### संजौली विवादः 43 लोगों पर केस



शिमला में संजौली मस्जिद विवाद मामले में धारा 163 लागू होने के बावजूद हजारों की संख्या में एकत्र होकर प्रदर्शन करने पर पुलिस ने4एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस ने मामले में शिमला एमसी की पूर्व मेयर समेत 43 लोगों को आरोपी बनाया है। इन पर गैर कानूनी तरीके से प्रदर्शन करने, पुलिस पर हमला करने लोगों को उकसाने का आरोप है।

### यहां प्रदर्शन होना आम बातः सुक्खू

संजौली व मंडी में प्रदर्शनों को लेकर सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्रदर्शनों का प्रदेश है। हिमाचल में तो हर मुद्दे पर प्रदर्शन होते हैं। कभी सीपीएम वाले प्रदर्शन करते हैं तो कभी भाजपा वाले। यहां कभी सेब उत्पादक प्रदर्शन करते हैं। कभी देवभूमि संघर्ष समिति वाले कर देते हैं। बेरोजगार भी प्रदर्शन करते हैं। लोकतंत्र में प्रदर्शन करना एक बड़ी व्यवस्था है।

## कैंट थाने में मामला दर्ज

# राम जन्मभूमि मंदिर की सफाईकर्मी से सामूहिक दुराचार में 8 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

जिले के रौनाही थाना क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा से तीन युवकों ने पखवारे भर तक अलग-अलग होटलों में ले जाकर दुष्कर्म किया। उसके 5अन्य दोस्तों ने भी उससे छेड़छाड़ की।

छात्रा की तहरीर पर कैंट थाने की पुलिस ने 8लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। छात्रा ने बताया कि वह एक महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा और राम जन्मभूमि मंदिर में सफाई कर्मी है। वह सहादतगंज निवासी वंश चौधरी नामक युवक को पिछले चार वर्ष से जानती है। 16 अगस्त को वंश उसके दोस्त विनय और शारिक घूमाने के बहाने उसे अंगूरी बाग स्थित एक गेस्ट हाउस में ले गए। वहां तीनों ने दुष्कर्म किया।वे लोग उसे बनवीरपुर स्थित एक गैराज में लेकर गए, जहां वंश ने फिर से दुष्कर्म किया और दोस्त शिवा ने उसके साथ छेड़छाड़ की।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)